www.tamsasanket.com
वर्षः 30 || अंक 314 || अम्बेडकरनगर
सोमवार
09 फरवरी 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

» डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित



मौसम
सूर्योदयः 06:48
सूर्यास्तः 05:53
अधिकतमः 24°00
न्यूनतमः 10°00

पेज 07 »

विशेष समाचार | चुनौती का सामना करें... »पेज 04 | संभल में सोना पकड़ने ई-रिक्शा... »पेज 06 | रामायण से रिप्लेस होने की...

### मोदी बोले-तमिल भाषा भारत-मलेशिया को जोड़ती है, दोस्त से किया वादा निभाने मलेशिया आया

# आतंकवाद पर कोई डबल स्टैंडर्ड नहीं : पीएम मोदी


**दौरा**

तमसा संकेत, एजेंसी

कुआलालंपुर । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन का मलेशिया दौरा कर वापस लौट आए हैं। पीएम मोदी और मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के बीच आज द्विपक्षीय बातचीत हुई। पीएम मोदी ने आतंकवाद पर अपना रुख कड़ा किया। उन्होंने कहा, 'आतंकवाद के बारे में हमारा संदेश बहुत स्पष्ट है, कोई दोहरा मापदंड नहीं, कोई समझौता नहीं। भारत और मलेशिया आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करेंगे।'

>> (शेष पेज 06 पर)





### पीएम मोदी ने 10वें सीईओ फोरम में भाग लिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10वें भारत-मलेशिया सीईओ फोरम के दौरान आज मलेशिया के चार प्रमुख उद्योगपतियों के साथ बातचीत की। उन्होंने पेट्रोनास के अध्यक्ष और ग्रुप सीईओ तन श्री तेंगकु मुहम्मद तौफिक, बर्जया कॉर्पोरेशन बर्हाद के संस्थापक तन श्री दातो' सेरी विंसेंट, खजानाह नेशनल बर्हाद के डायरेक्टर दातो' अमीरुल फैसल वान जाहिर और फाइसन इलेक्ट्रॉनिक्स के संस्थापक दातो पुआ खेइन सेंग से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने भारत और मलेशिया के बीच बढ़ते कारोबारी संबंधों (B2B कनेक्शन्स) की सराहना की और मलेशियाई कंपनियों में भारत की विकास यात्रा के प्रति गहरी रुचि देखकर प्रसन्नता जताई।

### मोदी बोले- भारतीय श्रमिकों की सुरक्षा के लिए इंतजाम किए

नरेंद्र मोदी ने कहा, 'मलेशिया में भारतीय श्रमिकों की सुरक्षा के लिए सोशल सिक्योरिटी एग्रीमेंट, मुफ्त ई-वीजा, और पर्यटन के लिए यूपीआई डिजिटल इंटरफेस जैसी व्यवस्थाएं दोनों देशों के नागरिकों के जीवन को सरल बनाएंगी।'उन्होंने कहा कि किसी भी साझेदारी को सफल तभी माना जाता है, जब उसका लाभ सीधे लोगों तक पहुंचे।

**मोदी ने ऑडियो-विजुअल समझौते का जिक्र करते हुए कहा, 'मुझे पूरा विश्वास है कि आज हुए ऑडियो-विजुअल समझौते के साथ फिल्में और संगीत, खासकर तमिल फिल्में, हमारे दिलों को और करीब लाएंगी।' पीएम मोदी ने मलेशियाई पीएम को अपना दोस्त बताया।**

### मोदी बोले- यूपीआई और निःशुल्क ई-वीजा टूरिज्म को बढ़ाएगा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मलेशिया दौरे से जुड़ी फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट की। उन्होंने कहा- भारत-मलेशिया की दोस्ती हमारे लोगों पर टिकी है। सामाजिक सुरक्षा समझौता, पर्यटन के लिए निःशुल्क ई-वीजा और मलेशिया में UPI का आगमन हमारे लोगों को और भी करीब लाएगा और टूरिज्म को बढ़ावा देगा । मोदी ने बताया कि हम दोनों देश विश्वविद्यालय बढ़ाने और अपने युवाओं के लिए कौशल विकास के अवसर पैदा करने के लिए भी काम कर रहे हैं।

### मोदी बोले- तमिल भाषा मलेशिया की सांस्कृतिक जीवन का हिस्सा

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, 'तमिल भाषा के प्रति साझा प्रेम भारत और मलेशिया को जोड़ता है। मलेशिया में तमिल भाषा की मजबूत और जीवंत उपस्थिति शिक्षा, मीडिया और सांस्कृतिक जीवन में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। मुझे पूरा विश्वास है कि आज हुए ऑडियो-विजुअल समझौते के साथ फिल्में और संगीत, खासकर तमिल फिल्में, हमारे दिलों को और करीब लाएंगी।'

### पीएम मोदी के भाषण की 10 बड़ी बातें

- एमओयू सहित 11 दस्तावेजों का आदान-प्रदान हुआ।
- भारत और मलेशिया के बीच कृषि, मैन्युफैक्चरिंग और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ेगा।
- एआई और डिजिटल तकनीकों के साथ सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा के क्षेत्रों में भी साझेदारी बढ़ेगी।
- 2025 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 18.59 अरब डॉलर तक पहुंचा।
- भारत सरकार मलेशिया के कोटा किनाबालू में वाणिज्य दूतावास (कॉन्सुलेट) खोलेगा।
- ऑडियो-विजुअल समझौते से तमिल फिल्मों और संगीत को बढ़ावा मिलेगा।
- मलेशिया में भारतीय श्रमिकों की सुरक्षा के लिए सोशल सिक्योरिटी एग्रीमेंट, मुफ्त ई-वीजा।
- पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यूपीआई डिजिटल इंटरफेस जैसी व्यवस्थाओं पर फोकस।
- स्थानीय मुद्रा में व्यापार को बढ़ावा देने पर सहमति।
- आतंकवाद पर कड़ा रुख- कोई दोहरा मापदंड नहीं, कोई समझौता नहीं।



### मोदी बोले- आतंकवाद के खिलाफ सहयोग मजबूत करेंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'सुरक्षा क्षेत्र में हम आतंकवाद-विरोधी कार्रवाई, खुफिया जानकारी के आदान-प्रदान और समुद्री सुरक्षा में सहयोग को और मजबूत करेंगे। हम रक्षा सहयोग को भी अधिक व्यापक बनाएंगे।' उन्होंने बताया कि AI और डिजिटल तकनीकों के साथ-साथ सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा के क्षेत्रों में भी साझेदारी को आगे बढ़ाई जाएगी।



### सीएम योगी ने की सर्वदलीय बैठक, 11 फरवरी को आएगा बजट

# यूपी : विधानसभा का बजट सत्र शुरू

अनुमान है कि कुल बजट का करीब 25 प्रतिशत हिस्सा इंफ्रास्ट्रक्चर, 15 प्रतिशत शिक्षा, 12 प्रतिशत कृषि, 8 प्रतिशत स्वास्थ्य और 5 प्रतिशत सामाजिक सुरक्षा योजनाओं पर खर्च किया जाएगा। सरकार का लक्ष्य विकास के साथ-साथ वित्तीय संतुलन बनाए रखना भी है।

**चर्चा**

हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने 09 जनवरी 2026 से प्रारम्भ हो रहे 18वीं विधान सभा सत्र को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए सभी दलीय नेताओं से सहयोग का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि संसदीय व्यवस्था में संवाद तथा सकारात्मक चर्चा-परि-चर्चा के माध्यम से लोकतंत्र सुदृढ़ होता है। >> (शेष पेज 06 पर)



### विधान सभा अध्यक्ष की कार्यशैली की सराहना

इस अवसर पर सभी दलीय नेताओं ने विधान सभा अध्यक्ष की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि आपके दिशा-निर्देशन में विधान सभा में निरंतर कुछ नया देखने को मिल रहा है। उम्मीद है कि भविष्य में भी नए प्रयोगों के साथ विधान सभा में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलेंगे।बैठक में नेता सदन एवं प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सर्वदलीय बैठक में संसदीय कार्य मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना ने सभी दलीय नेताओं को आश्वस्त किया कि सरकार पूरी गंभीरता के साथ विकास को नई गति देने एवं आगे बढ़ाने के लिए कार्य करेगी। सरकार सभी मुद्दों पर सकारात्मक कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है।

### सदन में शांतिपूर्ण सहयोग की अपील

संसदीय कार्य मंत्री ने माननीय मुख्यमंत्री जी की भावना के अनुरूप सभी दलीय नेताओं से सदन में शांतिपूर्ण सहयोग की अपील की।इस अवसर पर माननीय नेता प्रतिपक्ष श्री माता प्रसाद पाण्डेय, माननीय नेता अपना दल (सोनेलाल) श्री राम निवास वर्मा, माननीय नेता राष्ट्रीय लोकदल श्री राजपाल बालियान, माननीय नेता सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी श्री ओमप्रकाश राजभर, माननीय नेता निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल श्री रमेश सिंह, माननीय नेता भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस श्रीमती आराधना मिश्रा 'मोना' तथा जनसत्ता लोकतांत्रिक दल के माननीय नेता कुंवर रघुराज प्रताप सिंह 'राजा भैया' के स्थान पर श्री विनोद सरोज ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए । >> (शेष पेज 06 पर)

**फास्ट न्यूज**

### महाराष्ट्र जिला परिषद चुनाव में नाबालिगों ने वोट डाले

नई दिल्ली। महाराष्ट्र जिला परिषद चुनाव के दौरान नाबालिग को पोलिंग बूथ के अंदर ले जाने से जुड़े दो मामले सामने आए हैं। सोलापुर जिले के अकलुज स्थित यशवंत नगर मतदान केंद्र पर उम्मीदवार अर्जुन सिंह मोहिते पाटिल अपने 14 साल के बेटे के साथ पोलिंग बूथ के अंदर गए।

**राहत | मौसम**

### राजस्थान समेत 5 राज्यों में सुबह-शाम की सर्दी

नई दिल्ली/ भोपाल/ देहरादून/ शिमला। मौसम विभाग ने देश के किसी भी राज्य में रविवार के लिए कोई अलर्ट जारी नहीं किया है। हालांकि जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल में हुई बर्फबारी के कारण उत्तर भारत के सभी राज्यों में अभी भी सर्दी का असर है। राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ और चंडीगढ़ में सुबह और शाम सर्दी हो रही है। जबकि दिन के समय कई जिलों में पारा 30° का आंकड़ा पार कर रहा है। इन राज्यों में फरवरी में ही मार्च जैसी गर्मी का अहसास होने लगा है। हालांकि मध्य प्रदेश और बिहार का मौसम एक बार फिर बदल गया है।

### एसआईआर पर चुनाव आयोग ने जारी किए निर्देश

कोलकाता। चुनाव आयोग ने बंगाल के समस्त जिला चुनाव अधिकारियों को पत्र लिखकर स्पष्ट किया है कि राज्य में मतदाता सूची के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) के क्षेत्र में किन दस्तावेजों को स्थायी निवास प्रमाणपत्र के तौर पर स्वीकार किया जाएगा।

# कोटा में जिस रेस्टोरेंट के कारण हादसा वो अवैध

## अब जर्जर इमारतों का होगा सर्वे

**दावा**

तमसा संकेत, एजेंसी

कोटा। राजस्थान के कोटा में एक 3 मंजिला बिल्डिंग ढह गई। दावा किया जा रहा है जिस रेस्टोरेंट की बिल्डिंग के कारण हादसा हुआ वो अवैध है। इस रेस्टोरेंट को करीब दो महीने पहले ही नगर निगम ने बंद करा दिया था। फिर भी इसमें निर्माण काम हो रहा था। शनिवार रात को यहां के कंस्ट्रक्शन के कारण पड़ोस वाले दिल्ली रेस्टोरेंट की बिल्डिंग ढह गई। इसमें एक कोचिंग स्टूडेंट सहित दो की मौत हो गई। जबकि, 5 लोग गंभीर घायल हैं। डीएसपी योगेश शर्मा ने बताया- रेस्टोरेंट के




### आरोप-अधिकारियों की लापरवाही के कारण बिल्डिंग गिरी

कर्मचारी भूपेंद्र मीणा की शिकायत पर पास वाले मुरादाबादी रेस्टोरेंट संचालक और बिल्डिंग मालिक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

>> (शेष पेज 06 पर)

### बाइकर डेथ केस- आप नेता सौरभ भारद्वाज हिरासत में लिए गए

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी(AAP) के नेता और पूर्व मंत्री को दिल्ली पुलिस ने रविवार शाम हिरासत में ले लिया। पार्टी के मुताबिक जनकपुरी से ही कुछ अन्य नेताओं को भी मौके से हिरासत में लिया गया है।

भारद्वाज दिल्ली के जनकपुर बाइकर डेथ केस में मामले में घटनास्थल पर कैंडल मार्च निकाल रहे थे। पार्टी नेता मृतक कमल ध्यानी को श्रद्धांजलि देने वहां पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि उन्हें मोमबत्तियां जलाने की भी अनुमति नहीं दी गई। पुलिसक-र्मियों ने मार्च को रोक दिया और नेताओं को हिरासत में ले लिया। 5 फरवरी की देर रात जनकपुर में 25 वर्षीय कमल ध्यानी की 15 फीट गहरे गड्ढे में गिरने से मौत हो गई थी। परिवार मृतक को रात भर ढूंढता रहा।

### सीएम हिमंता के आरोप- कांग्रेस सांसद की पत्नी के पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई से संबंध

# गौरव गोगोई का मामला गृह मंत्रालय भेजेगी असम सरकार

**फैसला**

तमसा संकेत, एजेंसी

गुवाहाटी । असम सरकार कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई के पाकिस्तान कनेक्शन मामले को केंद्रीय गृह मंत्रालय भेजेगी। असम कैबिनेट ने शनिवार को यह फैसला लिया। जिसके बारे में रविवार को मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी दी।

असम सरकार कांग्रेस सांसद गौरव की पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न का OCI/वीजा रद्द करने की मांग भी करेगी क्योंकि उनकी मौजूदगी भारत के लिए नुकसानदायक है। असम



असम सीएम हिमंता ने कहा कि गौरव गोगोई को इसलिए गिरफ्तार नहीं कर रहे, क्योंकि इससे चुनाव के पहले राजनीति करने का आरोप लगेगा।

CM का आरोप है कांग्रेस सांसद गौरव और उनकी पत्नी एलिजाबेथ, पाकिस्तानी एजेंट अली तौकीर शेख के बहुत करीब हैं। >> (शेष पेज 06 पर)

### गौरव को अरेस्ट किया तो चुनाव से पहले राजनीति का आरोप लगेगा

प्रेस कॉन्फ्रेंस में हिमंता ने बताया कि हमने मौजूदा सांसद गौरव गोगोई से पाकिस्तान कनेक्शन के बारे में पूछताछ नहीं की है। हमने उनके पद की गरिमा का सम्मान करते हुए यह मामला केंद्र पर छोड़ दिया है। हिमंता ने यह भी कहा कि अगर अब गौरव गोगोई को गिरफ्तार करने जैसा कदम उठाया तो मुझ पर असम विधानसभा चुनावों से पहले राजनीति करने का आरोप लगेगा।

- हिमंता ने यह भी दावा किया कि अली तौकीर 2010 से 2013 के बीच 13 बार भारत आया था। उसका मकसद दुनिया में भारत विरोधी नैरेटिव तैयार करना था।

### गौरव गोगोई बोले- हिमंता ने असम में 4,000 एकड़ जमीन कैसे हासिल की

असम CM की प्रेस कॉन्फ्रेंस पर गौरव गोगोई ने कहा कि हिमंता बिस्वा सरमा ने मीडिया के सामने मंच पर खुद को शर्मिंदा किया। असम में कोई उनकी बातों को गंभीरता से नहीं लेता। असम कांग्रेस अध्यक्ष ने सवाल उठाया कि हिमंता परिवार ने कथित तौर पर पूरे असम में 4,000 एकड़ जमीन कैसे हासिल की। उन्होंने कहा कि राज्य में भविष्य की कांग्रेस सरकार ऐसी जमीनों को गरीबों में बांट देगी।

### अखिलेश यादव का बड़ा आरोप : भाजपा चुनाव आयोग के साथ कर रही है फर्जीवाड़ा

# फॉर्म 7 में फर्जी हस्ताक्षर

हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव आयोग से मिलकर एसआईआर में गड़बड़ी कर रही है और फर्जी दस्तावेज़ के जरिए पीडीए और अल्पसंख्यकों के वोट कटवाने की साजिश रच रही है।

श्री यादव ने आरोप लगाया कि फर्जीवाड़े के खिलाफ कानून होने के बावजूद चुनाव आयोग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। उनका कहना है कि





उपचुनाव के दौरान और वर्तमान समय में चुनाव आयोग जिस तरह से काम कर रहा है, उसे देखकर लगता है कि आयोग भाजपा का सहयोगी बन गया है। उन्होंने कहा, एसआईआर नहीं, यह एनआरसी जैसा माहौल बन गया है।

अखिलेश यादव ने बताया कि सुल्तानपुर सदर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा ने नंदलाल के नाम से फर्जी हस्ताक्षर कर फॉर्म 7 जमा कराया। नंदलाल ने बहादुरी दिखाते हुए इसका खुलासा किया। समाजवादी पार्टी ने नंदलाल को एक लाख रुपये से सम्मानित किया। श्री यादव ने कहा कि भाजपा के पास पूरे प्रदेश के बूथों का डेटा है और वह समाजवादी पार्टी के जीते बूथों पर भी फॉर्म 7 भरकर वोट कटवाना चाहती है।

>> (शेष पेज 06 पर)

**बीएलओ की मुश्किलें और लोकतंत्र पर खतरा**

- यादव ने कहा कि फार्म 7 में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा हो रहा है, लेकिन चुनाव आयोग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा। उन्होंने आयोग से अपील की कि फार्म 7 भरवाना बंद किया जाए।

### बीएलओ की मुश्किलें

श्री यादव ने कहा कि कई बीएलओ की ट्रेनिंग नहीं हुई और मदद भी नहीं मिली, कई की मौत हो गई, लेकिन इसके बावजूद बड़ी संख्या में बीएलओ लोकतंत्र की रक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सिस्टम कमजोर करना लोकतंत्र को कमजोर करना है।

### चुनाव आयोग पर निशाना

अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग पर सवाल उठाया कि वह सिस्टम को मजबूत क्यों नहीं कर रहा। उन्होंने आशा जताई कि फर्जीवाड़े के खुलासे के बाद सरकार भाजपा नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करेगी।

# कर्नाटक में प्राइवेट ट्रेनी प्लेन खेत में हुआ क्रैश

## दोनों पायलट ने कूद कर जान बचाई

**हादसा**

तमसा संकेत, एजेंसी

वियजवाड़ा । कर्नाटक के विजयपुरा जिले में रविवार को एक खेत में प्राइवेट ट्रेनी प्लेन क्रैश हो गया। जमीन पर गिरने से पहले ही दोनों पायलट ने इजेक्ट कर लिया। उन्हें हल्की चोटें आई हैं। घटना बालेश्वर क्षेत्र मंगलुरु गांव में हुई। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

एक अधिकारी ने बताया कि यह रेड बर्ड एविएशन का एक प्राइवेट ट्रेनी एयरक्राफ्ट है। जो कलबुर्गी से



### सिविल एविएशन मंत्रालय ने कहा- दोनों पायलट सुरक्षित

बेलगावी जा रहा था। शुरुआती जांच में सामने आया है कि प्लेन के इंजन में टेक्निकल खराबी आई थी।

विमान के मुख्य पायलट कैप्टन कुणाल मल्होत्रा थे।

>> (शेष पेज 06 पर)

# राष्ट्रीय विस्तार की ओर लखनऊ जर्नलिस्ट एसोसिएशन के मजबूत कदम

# पत्रकारिता की ताकत ही लोकतंत्र की असली आवाज़ है : आलोक कुमार

आयोजन

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। लखनऊ जर्नलिस्ट एसोसिएशन की मासिक बैठक का आयोजन राजधानी लखनऊ में गरिमामय वातावरण में किया गया। बैठक में पत्रकारों के समक्ष मौजूद चुनौतियों, संगठन के विस्तार और पत्रकारों की सुरक्षा जैसे ज्वलंत मुद्दों पर गंभीर मंथन हुआ। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार त्रिपाठी ने अपने विचारों से पत्रकारों में नई ऊर्जा और स्पष्ट दिशा का संचार किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार त्रिपाठी ने कहा कि पत्रकारिता अपने आप में एक कठिन, जोखिमभरा और जिम्मेदारीपूर्ण कार्य है, लेकिन सत्य को सामने लाना ही पत्रकार का सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि जिस दिन पत्रकार शांत हो जाएंगे, उस दिन समाज को यह पता ही नहीं चलेगा कि देश और समाज में क्या घट रहा है। उन्होंने कहा कि पत्रकार सत्ता की कमियों को उजागर करता है, इसलिए चौथे स्तंभ को कमजोर करने के प्रयास लगातार होते रहे हैं, लेकिन संगठन की एकजुटता ही इसका सबसे बड़ा जवाब है। उन्होंने संगठन की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लखनऊ जर्नलिस्ट एसोसिएशन आज प्रदेश के 28 जिलों तक पहुंच चुका है और चार राज्यों में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। एक दशक पूर्व संगठन की शुरुआत मात्र पांच सदस्यों से हुई थी, लेकिन निरंतर प्रयास, धैर्य और सामूहिक मेहनत से यह एक मजबूत मंच के रूप में उभरा है।

**पत्रकार सुरक्षा आयोग और पेंशन जैसे मुद्दों पर हुआ मंथन**

**पत्रकार मोहम्मद फहीम ने संगठन के कार्यों की सराहना करते हुए इसे और आगे बढ़ाने की जरूरत बताई। वरिष्ठ पत्रकार रवि शर्मा ने कहा कि पत्रकारों की एकता ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और संगठन का विस्तार समय की मांग है।**

### आलोक कुमार त्रिपाठी ने गहरी चिंता जताई

पत्रकारों पर हो रहे हमलों को लेकर आलोक कुमार त्रिपाठी ने गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि ईमानदारी और समझदारी के साथ कार्य करते हुए पत्रकार खुद को कई हद तक सुरक्षित रख सकता है, लेकिन इसके बावजूद पत्रकार सुरक्षा आयोग का गठन समय की सबसे बड़ी मांग है। उन्होंने अभियान चलाकर पत्रकार सुरक्षा कानून, पत्रकारों की पेंशन और इलाज जैसी मांगों को लेकर विधायकों, सांसदों के माध्यम से मुख्यमंत्री तक ज्ञापन पहुंचाने की रणनीति पर भी जोर दिया। उनका कहना था कि जब संगठन मजबूत होगा, तभी सरकार भी संगठन की बात सुनेगी।

### अधिकारों और सुरक्षा के लिए मजबूत संगठन बेहद आवश्यक

डॉ. वंदना ने कहा कि पत्रकारों के अधिकारों और सुरक्षा के लिए मजबूत संगठन बेहद आवश्यक है। संगठित प्रयासों से ही पत्रकारों के सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक हित सुरक्षित किए जा सकते हैं, इसके लिए सभी सदस्यों को एकजुट होकर सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। पत्रकार संजय पाण्डेय ने संगठन को मजबूत करने के लिए आर्थिक और श्रम सहयोग पर जोर दिया। वरिष्ठ पत्रकार पीयूष द्विवेदी ने पत्रकारों पर हो रहे हमलों की कड़ी निंदा करते हुए पारिवारिक संतुलन बनाए रखने की बात कही। डॉ. अर्चन ने सरकार से पत्रकार सुरक्षा कानून को शीघ्र लागू करने की मांग उठाई। जितेंद्र निषाद ने संगठन की बैठकों में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को आमंत्रित करने का सुझाव दिया। अन्य पत्रकारों ने भी अपने अपने संगठन को आगे बढ़ाने का सुझाव दिया।

# बड़ा इमामबाड़ा परिसर में फूंका पाकिस्तान पीएम का पुतला

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ । लखनऊ में बड़ा इमामबाड़ा परिसर में पाकिस्तान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। हुसैनी टाइगर्स ने पाकिस्तान के इस्लामाबाद में शिया समुदाय की मस्जिद पर हुए हमले का विरोध किया। प्रदर्शनकारियों ने नाराजगी जताते हुए इमामबाड़ा के गेट पर पाकिस्तान का झंडा रखा और जूते-चप्पल पहनकर उसपर से गुजरे। इसके बाद प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ और सेना अध्यक्ष आसिफ मुनीर का पुतला फूंका। लोग बोले- पाक 100% आतंकी मुल्क है।

शिया वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष अली जैदी ने कहा- विगत 3 महीनों में पाकिस्तान में शिया समुदाय पर ये दूसरा बड़ा हमला है। इसमें बड़ी संख्या में बेगुनाहों की मौत हुई। हम लोग लगातार इसके खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। मगर पाकिस्तान सरकार पर कोई असर नहीं हो रहा है। पहले पाराचीनार और अब इस्लामाबाद में हमला हुआ। मासूम बच्चे-महिलाएं और बुजुर्ग हर रोज मारे जा रहे हैं। नाम पूछ कर हत्या की जा रही है। उन्होंने पाकिस्तान को आतंकी देश घोषित करने की मांग की।

- **झंडे को जूते-चप्पलों से कुचला, लोग बोले- पाक 100% आतंकी मुल्क है**

अली जैदी ने कहा- पाकिस्तान खुद को इस्लामिक मुल्क कहता है। मगर वो इस्लामिक नहीं आतंकी देश है। बेगुनाहों की हत्याओं पर पाकिस्तान सरकार खामोश तमाशाई बनी है। ये हत्याएं आतंकी संगठन कर रहे है, जिसको सरकार का पूरा समर्थन हासिल है। आतंकी संगठन चलाने वाले पाकिस्तान के आतंकियों को सरकार सुरक्षा दे रही है।

## फास्ट न्यूज

### विधानमंडल का बजट सत्र आज से शुरू

लखनऊ । लखनऊ में उत्तर प्रदेश विधानमंडल का बजट सत्र 9 फरवरी से शुरू होकर 20 फरवरी तक चलेगा। सत्र के दौरान मुख्यमंत्री, मंत्रियों और विधायकों की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सख्त कर दिया है। विधानसभा और विधान परिषद परिसर समेत आसपास के इलाकों में भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है। किसी भी तरह के अनधिकृत धरना-प्रदर्शन या अव्यवस्था को रोकने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।

### बिश्नोई गैंग के नाम पर 30 लाख की रंगदारी मांगी

सरोजनी नगर, लखनऊ। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में एक दवा कारोबारी को कुख्यात बिश्नोई गैंग के नाम से 30 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। दवा कारोबारी गौरव बत्रा ने सरोजनी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। चिनहट के रोहित रेजिडेंसी, विकल्प खंड निवासी गौरव बत्रा सरोजनी नगर के हिन्द नगर, कानपुर रोड स्थित करुण इंटरप्राइजेज में प्रबंधक हैं। उनके अनुसार, 30 जनवरी 2026 की सुबह करीब साढ़े नौ बजे जब वे अपने कार्यालय पहुंचे, तो फर्म के गार्ड सत्य नारायण ने उन्हें एक बंद लिफाफा दिया।

### सपा पार्षद के खिलाफ नगर निगम कराएगा मुकदमा

लखनऊ । सपा पार्षद ममता रावत रविवार को सुभासपा विधायक बेदीराम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग को लेकर बीबीडी थाने में धरने पर बैठी थीं। अब उनके खिलाफ नगर निगम ने नामजद तहरीर पुलिस को दी है। पार्षद के खिलाफ शिकायत देने के लिए थाने पर नगर निगम के नायब तहसीलदार तेजस्वी त्रिपाठी और लेखपाल सुभाष कौशल थाने पहुंचे थे।

# स्मैकियों ने ट्रैफिक बूथ फूंका नशा करने से रोकने पर आग लगाई

## पुलिस बोली- सर्च ऑपरेशन जारी






तमसा संकेत, एजेंसी

बख्शी का तालाब। लखनऊ के चौक इलाके में देर रात स्मैकियों ने उत्पात मचाया। नशा करने से मना करने पर उन्होंने ट्रैफिक पुलिस के एक लोहे के बूथ में आग लगा दी। इस घटना में बूथ के अंदर रखा सारा सामान जलकर राख हो गया।

यह घटना देर रात की बताई जा रही है। सुबह जब पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे, तब उन्हें जले हुए ट्रैफिक बूथ के बारे में पता चला। इसके बाद ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने तत्काल उच्च अधिकारियों को मामले की सूचना दी। ट्रैफिक बूथ में पुलिस कर्मियों के बैठने के लिए चार कुर्सियां थीं। एक टेबल थी। जो कि गायब है। स्मैकिए उसे भी अपने साथ ले गए हैं। इसके साथ कुछ विभागीय दस्तावेज थे जोकि जल कर राख हो गए।

चौक इलाके में पक्का पुल से लेकर चौक चौराहे को जाने वाली रोड स्मैकियों का अड्डा बन चुकी है। सड़क किनारे कई गुटों में लोग बैठ कर शाम को नशा करते हैं। करीब 1 किमी के दायरे में कई जगह गुट बना कर नशेबाजी की जाती है। इसको लेकर समय समय पर अभियान भी चलाया गया है।

### गोमती नदी में लग्जरी टूरिस्ट क्रूज चलेगा

लखनऊ। लखनऊ की गोमती नदी जल्द ही शहरवासियों और पर्यटकों के लिए नया आकर्षण बनने जा रही है। नदी में लग्जरी टूरिस्ट क्रूज चलाने की तैयारी शुरू हो गई है। इस क्रूज में एक साथ 200 लोग सैर कर सकेंगे। इसमें कॉन्फ्रेंस हॉल, वीआईपी लाउंज, डिजिटल स्क्रीन और ओपन रेस्टोरेंट जैसी आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। हनुमान सेतु के पास रिवर फ्रंट पर क्रूज के निर्माण का काम शुरू हो चुका है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने रविवार को प्रोजेक्ट की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण कार्य को 5 महीने में पूरा कर क्रूज का संचालन शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया- गोमती नदी में टूरिस्ट क्रूज संचालन के लिए आरएफपी जारी की गई थी, जिसके तहत कोलकाता की कंपनी मेसर्स बालाजी सेल्स एंड पूर्णिमा इंटरप्राइजेज का चयन किया गया है। कंपनी हनुमान सेतु के पास रिवर फ्रंट पर क्रूज का निर्माण कर रही है। इस प्रोजेक्ट पर करीब 16 करोड़ रुपए खर्च होंगे, जिसकी पूरी लागत कंपनी खुद वहन करेगी।

# उत्तर प्रदेश में दलहन उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने के लिए राज्य सरकार के प्रयास तेज

## कृषि मंत्री ने केंद्रीय सहायता के लिए प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री का जताया आभार

- **दलहन उत्पादन के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश का देश में बढ़ा कद, भारत के कुल उत्पादन में 12 प्रतिशत का योगदान**

तमसा संकेत, संवाददाता





लखनऊ । प्रदेश के कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही ने शनिवार को केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा उत्तर प्रदेश में दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 125 करोड़ रुपए का प्रतीकात्मक चेक प्रदान करने के निर्णय का स्वागत किया। उन्होंने इस विशेष सहयोग के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय कृषि मंत्री का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह वित्तीय सहायता प्रदेश के किसानों की आय वृद्धि, पोषण सुरक्षा और दलहन आत्मनिर्भरता के संकल्प को सिद्ध करने में मील का पत्थर साबित होगी। इस अवसर पर उन्होंने उत्तर प्रदेश में दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनाई गई रणनीति पर भी विशेष जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश वर्तमान में देश के शीर्ष दलहन उत्पादक राज्यों में शामिल है और वर्ष 2024-25 में 30.82 लाख मीट्रिक टन उत्पादन के साथ चौथे स्थान पर रहा है। भारत के कुल 256.83 लाख मीट्रिक टन दलहन उत्पादन में उत्तर प्रदेश का योगदान 12 प्रतिशत है। प्रदेश में दलहनी फसलों की औसत उत्पादकता 12.01 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है, जो राष्ट्रीय औसत 9.26 क्विंटल प्रति हेक्टेयर से काफी अधिक है। वर्ष 2024-25 में 25.66 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में बुवाई की गई थी, जिसे वर्ष 2025-26 में बढ़ाकर 30.77 लाख हेक्टेयर करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

कृषि मंत्री ने जानकारी दी कि दलहन आत्मनिर्भरता मिशन के तहत उन्नत बीजों के वितरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। वर्ष 2025-26 में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कुल 1,05,642 कुंतल प्रमाणित बीज वितरित किए गए हैं। राज्य सरकार द्वारा संचालित निःशुल्क बीज मिनीकिट योजना के तहत 12,413 कुंतल बीज वितरित कर 92,517 किसानों को लाभान्वित किया गया, जबकि भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए 17,297 कुंतल बीज मिनीकिट से 2,04,693 किसान लाभान्वित हुए हैं। दलहन खरीद के क्षेत्र में भी प्रदेश बेहतर प्रदर्शन कर रहा है, जहाँ वर्ष 2024-25 में 75.85 हजार मीट्रिक टन की खरीद की गई।

## मंत्री कश्यप ने वासु की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया

# ओलंपिक विजेता दिव्यांग खिलाड़ी वासु तिवारी को किया गया सम्मानित

तमसा संकेत, संवाददाता





**वासु की इस उपलब्धि पर इटली से लौटने के बाद संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भी उन्हें सम्मानित किया जा चुका है। इसके अलावा दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी वासु को सम्मान प्रदान कर चुकी हैं।**

लखनऊ। लखनऊ, स्पेशल ओलंपिक में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश और प्रदेश का नाम रोशन करने वाले 32 वर्षीय खिलाड़ी वासु तिवारी को रविवार को पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने अपने लखनऊ स्थित आवास पर मेडल पहनाकर सम्मानित किया। मंत्री कश्यप ने वासु की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया और भविष्य में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने बताया कि वासु तिवारी ने मार्च 2025 में इटली के ट्यूरिन शहर में आयोजित स्पेशल ओलंपिक स्नोशूइंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 50 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक तथा 25 मीटर दौड़ में रजत पदक हासिल किया। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में लगभग 150 देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि कम उम्र में वासु ने असाधारण साहस, अनुशासन और मेहनत के बल पर यह मुकाम हासिल किया है, जो दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने आश्वस्त किया कि वासु को शीघ्र ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी मुलाकात कराई जाएगी। साथ ही उन्होंने वासु को आगामी ओलंपिक प्रतियोगिताओं में भाग लेकर देश और उत्तर प्रदेश का नाम और ऊँचाइयों तक पहुँचाने के लिए प्रेरित किया। बताया गया कि इटली में आयोजित इस स्पेशल ओलंपिक के लिए वासु का प्रशिक्षण हिमाचल प्रदेश के शिमला स्थित नारकंडा में कराया गया था। इस प्रतियोगिता में भारतीय दल ने कुल 33 पदक जीते, जिनमें छह स्वर्ण, 18 रजत और सात कांस्य पदक शामिल हैं। वासु तिवारी मूल रूप से अयोध्या जनपद के निवासी हैं। उनकी माता डॉ. संगीता तिवारी पशुपालन निदेशालय में अपर निदेशक के पद पर कार्यरत हैं, जबकि उनके पिता डॉ. अशोक कुमार तिवारी केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर (बरेली) के निदेशक रह चुके हैं।

## बोलीं- विधायक बेदी राम के खिलाफ हो एफआईआर

# थाने पर धरने पर बैठीं सपा महिला पार्षद

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ । सपा पार्षद ममता रावत ने अपने समर्थकों के साथ बीबीडी थाने पर धरना दिया। वह सुभासपा विधायक बेदी राम पर मुकदमा नहीं दर्ज होने को लेकर नाराज हैं। उन्होंने साफ कह दिया है कि जब तक विधायक के खिलाफ मुकदमा नहीं दर्ज हो जाएगा, थाने से नहीं हटेंगी।

उनके समर्थकों में भी भारी आक्रोश था। वे विधायक बेदी राम मुर्दाबाद के नारे लगा रहे थे। समर्थकों का कहना था कि टेंट मंगवाकर धरना देंगे। इससे थाने पर गहमागहमी की स्थिति बन गई। महिला पार्षद और समर्थकों के तेवर देखकर पुलिस ने कार्रवाई के लिए पांच दिन की मोहलत मांगी है। इसके बाद धरना समाप्त हो गया।

ममता चौधरी ने इस प्रकरण को लेकर काफी आक्रोशि हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा- विधायक बेदी राम ने मुझे गालियां दी हैं। मैं इसकी FIR कराउंगी। कार्रवाई नहीं होने पर धरना दूंगी। विधायक का यह अधिकार नहीं है कि एक महिला पार्षद को गालियां दें।

गोमतीनगर के भरवारा के गंगोत्री विहार फेज-टू में नाले पर अवैध कब्जे को लेकर विवाद चल रहा है।

### शनिवार को दी थी शिकायत

सपा पार्षद ममता रावत ने 7, फरवरी, शनिवार को विधायक बेदी राम के खिलाफ बीबीडी थाने में शिकायत दी थी। उनका आरोप है कि पुलिस ने मामले में मुकदमा नहीं दर्ज किया है। इस पर 8 फरवरी को वह अपने समर्थकों के साथ बीबीडी थाने आई थीं। पार्षद ममता रावत का कहना है कि सुभासपा विधायक बेदीराम ने मेरे लिए अभद्र भाषा का प्रयोग किया है। गालियां दी हैं। उन्होंने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से भी इस संबंध में अवगत कराया है। मेयर सुषमा खर्कवाल को भी लिखित में शिकायत दे चुकी हैं।

नगर निगम की ओर

## घटना : ब्लीडिंग से आंखों में भरा खून, 4 दिन में 1 मौत-4 घायल, बड़ी घटना होने से बची

# चाइनीज मांझे से युवक की नाक कटी

तमसा संकेत, एजेंसी




लखनऊ । लखनऊ में चाइनीज मांझे से कटने-घायल होने की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। ठाकुरगंज इलाके में रविवार को एक बाइक सवार की नाक चाइनीज मांझे से कट गई। गनीमत रही कि बड़ी घटना होने से बच गई। इससे पहले शनिवार को यहियागंज उद्योग व्यापार मंडल कार्यालय सचिव की नाक भी चाइनीज मांझे से कट गई थी। शनिवार को ही चौक इलाके में एक बाइक सवार युवक की गर्दन में घाव हो गया था। इससे पहले 5 फरवरी की शाम करीब 5 बजे गोमती नगर विस्तार में बिजली कर्मी का गला कट गया था। इसके कुछ घंटे पहले गोमती नगर विस्तार में ही शहीद पथ पर रिटायर्ड फौजी का गाल और होंठ कट गए थे। 4 फरवरी को पुराने लखनऊ में 2 मासूम बेटियों के पिता की मौत हो गई थी। घायल युवक गुड्डू पोर्टर में नौकरी करता है। ग्राहक का ऑर्डर लेकर चौक जा रहा था। तभी रास्ते में अचानक से मांझा हेलमेट में आकर फंसा और नाक कट गई। गनीमत रही कि हेलमेट पहनने की वजह से ज्यादा गहरा घाव नहीं हुआ। नजदीकी क्लीनिक में उपचार के बाद डॉक्टरों ने छुट्टी दे दी। पुलिस घायल युवक की जानकारी जुटा रही है। लोगों का कहना है कि शहर में चीनी मांझे पर प्रतिबंध के बावजूद इसकी खुलेआम बिक्री जारी है। इससे लगातार हादसे हो रहे हैं। बाइक सवार और पैदल राहगीर सबसे ज्यादा जोखिम में हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांझे की बिक्री पर सख्त कार्रवाई, नियमित चेकिंग और दोषियों के खिलाफ कठोर कदम उठाने की मांग की है।

### कार्यालय सचिव की भी कटी नाक

यहियागंज उद्योग व्यापार मंडल कार्यालय सचिव विमलेश तिवारी की शनिवार शाम चाइनीज मांझे की चपेट में आने से नाक कट गई थी। वह शाम 6 बजे घर लौटते समय कुड़ियाघाट के पास मांझे की चपेट में आ गए। परिजन उनको नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने इलाज के बाद उनको छुट्टी दे दी।



घायल युवक को तत्काल आस-पास के लोगों ने नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया।

### लखनऊ में करंट से कक्षा 6 के छात्र की मौत

लखनऊ । लखनऊ के बिजनौर थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। हाई वोल्टेज विद्युत लाइन की चपेट में आने से कक्षा 6 के एक छात्र सौरभ (15) की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। बिजनौर के अयोध्यापुरी फेस-3 निवासी रविंद्र कुमार मजदूरी करते हैं। उनके परिवार में पत्नी शशि, बेटे सानू (18), रितेश (16), सौरभ (15) और बेटी शालिनी (20) हैं। मृतक सौरभ उनका सबसे छोटा बेटा था और पास के गौतम बुद्ध स्कूल में कक्षा 6 का छात्र था। घटना के समय रविंद्र प्रयागराज में संगम स्नान के लिए गए हुए थे, जबकि परिवार के अन्य सदस्य घर पर ही थे। दोपहर करीब 1 बजे सौरभ छत पर नहाने गया था। वह छत के छज्जे पर लगी स्टील की ग्रिल के पास खड़ा था। तभी बगल से गुजर रही 11000 वोल्टेज की विद्युत लाइन के तारों में अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ। तार आपस में टकराकर ग्रिल से छू गए, जिससे सौरभ उसकी चपेट में आ गया ।

# तस्कर मिया-बीवी गिरफ्तार 63 लाख की हेरोइन-अफीम बरामद

## जमानत पर छूटने के बाद फिर शुरू किया धंधा

तमसा संकेत, एजेंसी



- **63 लाख की हेरोइन और अफीम बरामद**
- **जमानत पर छूटने के बाद फिर शुरू किया धंधा**

लखनऊ । लखनऊ में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटी-एफ) ने ड्रग्स तस्कर मिया-बीवी को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से भारी मात्रा में हेरोइन और अफीम बरामद की है। बरामद नशीले पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 63 लाख रुपए है। ठाकुरगंज थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई।

टीम ने लखनऊ के गऊघाट दौलतगंज इलाके से दो सक्रिय तस्करों श्रवण कुमार निषाद और उसकी पत्नी मीना देवी को गिरफ्तार किया गया। दोनों लंबे समय से अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में सक्रिय बताए जा रहे हैं।

अभियुक्तों के कब्जे से 310 ग्राम अवैध हेरोइन और 135 ग्राम अवैध अफीम बरामद की गई है। इसके अलावा एक मोबाइल फोन और 2,860 रुपए नकद भी जब्त किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक बरामद मादक पदार्थों की अनुमानित कीमत करीब 63 लाख रुपए है।

पूछताछ में दोनों अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे हाल ही में जमानत पर जेल से बाहर आए थे। मुकदमे और घरेलू खर्च चलाने के लिए उन्होंने दोबारा अफीम और हेरोइन की तस्करी शुरू कर दी थी।

## 100 बेड की क्षमता वाला अस्पताल कैंसर केयर और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से लैस

# मेडिसिटी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का भव्य उद्घाटन



**निरीक्षण**



**स्थानीय नागरिकों में हॉस्पिटल के उद्घाटन को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। लोगों ने इस अवसर को क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने वाला कदम बताया।**

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर। टाण्डा-अकबरपुर मार्ग स्थित खेतापुर में नवनिर्मित 100 बेड की क्षमता वाला मेडिसिटी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं कैंसर केयर सेंटर रविवार को भव्य रूप से उद्घाटित किया गया। उद्घाटन अवसर पर प्रशासनिक और पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों, नेताओं और समाजसेवियों की मौजूदगी रही।

हॉस्पिटल उद्घाटन में अम्बेडकरनगर के पूर्व जिलाधिकारी और केस्को कानपुर के प्रबंध निदेशक सैमुअल पॉल (IAS), कानपुर नगर की डीएफओ दिव्या अग्रवाल (IFS), वर्तमान जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला (IAS), पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर (IPS) और बहराइच के डीएफओ सुंदरेश (IFS) उपस्थित रहे। अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर अस्पताल का उद्घाटन किया और परिसर का निरीक्षण किया।

डॉक्टर आसिफ अख्तर ने बताया, दिल का दौरा पड़ने या किसी दुर्घटना के तुरंत बाद गोल्डन हार्स की प्रभावी प्रणाली लागू कर लाखों लोगों की जान बचाने में मेडिसिटी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मरीजों को अत्याधुनिक आईसीयू, इमरजेंसी सेवाएं, विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम और उन्नत जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। मेडिसिटी में कैंसर केयर, सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सा, आधुनिक आईसीयू और इमरजेंसी सेवाओं के साथ-साथ किफायती और गुणवत्तापूर्ण इलाज की सुविधा उपलब्ध है। अस्पताल प्रबंधन ने सभी वर्गों के लोगों के लिए उपचार सुलभ बनाने का आश्वासन दिया।

### जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला का बयान

जिलाधिकारी ने कहा, मेडिसिटी के शुभारंभ से अम्बेडकरनगर और आसपास के जिलों के लाखों लोगों को अत्याधुनिक सुपर स्पेशियलिटी इलाज की सुविधा अपने ही क्षेत्र में उपलब्ध होगी। गंभीर बीमारियों में समय पर उपचार संभव होगा। यहां बहुत जल्द सभी सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद मरीजों को मिलना शुरू हो जाएगा। उन्होंने आगे बताया, जनपद में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। गोल्डन हार्स के दौरान मरीजों के जीवन बचाने के लिए जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज को ट्रामा सेंटर के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। बेवाना (पूर्वांचल एक्सप्रेसवे) और राजेसुल्तानपुर (गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे) में भी ट्रामा सेंटर का प्रस्ताव रखा गया है।

## आलापुर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त

### दूसरी बार अंगुली तोड़े जाने से बढ़ी चिंता

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। आलापुर थाना क्षेत्र के मसेना मिर्जापुर गांव में स्थापित भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को अराजक तत्वों ने एक बार फिर निशाना बनाया है। रामनगर चहोड़ा रोड पर स्थित प्रतिमा की अंगुली तोड़ दी गई। यह घटना रविवार सुबह सामने आई, जिसके बाद क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल देखने को मिला और स्थानीय लोगों में नाराजगी व्याप्त हो गई। यह पहली बार नहीं है जब इस प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ की गई हो। इससे पहले 2 दिसंबर को भी इसी प्रतिमा की अंगुली तोड़ी गई थी। उस समय तत्कालीन थाना प्रभारी की पहल पर नई प्रतिमा स्थापित कराई गई थी। इसके बावजूद दोबारा हुई घटना ने प्रतिमा की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही रविवार सुबह पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान आलापुर थाना अध्यक्ष रितेश पांडे, जहांगीरगंज थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर संतोष सिंह, राजे सुल्तानपुर थाना अध्यक्ष अक्षय पटेल, हंसवर थाना अध्यक्ष अभिनेश कुमार, डिप्टी एसपी प्रदीप सिंह चंदेल और एसडीएम सुभाष सिंह मौजूद रहे। अधिकारियों ने घटनास्थल का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। अधिकारियों की मौजूदगी में क्षतिग्रस्त प्रतिमा की तत्काल मरम्मत कराई गई, जिससे स्थिति सामान्य हो सके। प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की और भरोसा दिलाया कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**फास्ट न्यूज**

### नाले का पानी कॉलोनी में घुसा

लखनऊ। लखनऊ में गौस नगर नाले की सफाई में लापरवाही बरतने और खानापूर्ति करने पर रविवार को मौलवीगंज के पार्षद मुकेश सिंह मोंटी लोगों के साथ में नगर निगम अधिकारियों के खिलाफ धरने पर बैठ गए। मौके पर लोगों ने नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी की है। पार्षद मुकेश सिंह ने बताया- जोन 2 में नगर निगम के अधिकारियों ने नाले की सफाई कराई।

### किसान इंटर कॉलेज पकड़ी भोजपुर को मिला नया प्रबंधक

अम्बेडकरनगर। किसान इंटर कॉलेज, पकड़ी भोजपुर के प्रबंधन में नया अध्याय जुड़ गया है। कॉलेज के प्रबंधक पद के लिए हुए चुनाव में जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा को निर्विरोध चुना गया। उनके चयन के साथ ही कॉलेज प्रबंधन को स्थायित्व मिला है और आगामी शैक्षिक सत्रों के लिए नई कार्ययोजना की उम्मीद जगी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार निर्धारित समयसीमा के भीतर प्रबंधक पद के लिए केवल एक ही नामांकन दाखिल किया गया। जांच और औपचारिकताओं के बाद निर्वाचन अधिकारी द्वारा श्याम सुंदर वर्मा के निर्विरोध चुने जाने की घोषणा की गई।

### ईंट लदी ट्रैक्टर ट्रॉली में घुसी वैगनआर कार

मोहनलालगंज । निगोहां थाना क्षेत्र के उदयपुर गांव के पास रविवार दोपहर भीषण हादसा हो गया। एक वैगनआर कार ईंट से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से घुस गई। हादसे में कार सवार महिला पुरूष गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी पहचान सरोजनीनगर के विकास और संगीता गंभीर रूप से घायल हो गईं। टक्कर इतनी भीषण रही कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

## नृपति नारायन सिंह स्मारक इंटर कॉलेज में विदाई समारोह आयोजित

### जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला रहे मुख्य अतिथि

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। नृपति नारायन सिंह स्मारक इंटर कॉलेज, अमिया बाबनपुर में छात्र-छात्राओं के लिए विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कोतवाली पुलिस की उपस्थिति रही। विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक और प्रबंधन से जुड़े लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक मूल मंत्र बताए। उन्होंने कहा कि जीवन में उतार-चढ़ाव स्वाभाविक हैं, लेकिन लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर परिश्रम आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी रुचि के अनुसार क्षेत्र चुनकर पूरी लगन और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। संदेश दिया गया कि संघर्ष से घबराने के बजाय उसे स्वीकार कर आगे बढ़ना ही सफलता की कुंजी है।

विशिष्ट अतिथियों ने शिक्षा के साथ अनुशासन और सकारात्मक सोच को भी आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि हार मान लेना ही वास्तविक पराजय है, इसलिए विद्यार्थियों को हर परिस्थिति में आत्मविश्वास बनाए रखना चाहिए।

समारोह में विद्यालय प्रबंधन और स्टाफ की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

## परिवार रजिस्टर से फर्जी नाम हटाने के आदेश, प्रशासन की सख्त कार्रवाई

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जनपद के विकासखंड अकबरपुर अंतर्गत ग्राम चन्दनपुर में परिवार रजिस्टर में की गई अनियमित प्रविष्टियों पर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। मकान संख्या 16 के कुटुम्ब रजिस्टर में नियम विरुद्ध जोड़े गए कई नामों को तत्काल प्रभाव से काटने के आदेश जारी किए गए हैं। यह कार्रवाई सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) द्वारा निर्गत आदेश के तहत की गई है।

मामले की शुरुआत 20 जनवरी 2025 को तहसील अकबरपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस से हुई, जहां चंद्रपुर निवासी छोटेलाल द्वारा शिकायत प्रस्तुत की गई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि ग्राम चन्दनपुर के मकान संख्या 16 के परिवार रजिस्टर में वास्तविक निवासियों के अलावा अन्य लोगों के नाम दर्ज कर दिए गए हैं। जांच के दौरान पाया गया कि उक्त मकान में केवल शैल कुमारी और उनके दो पुत्र राजेश कुमार व अखिलेश कुमार ही वास्तविक रूप से निवास करते हैं। यह कार्रवाई परिवार रजिस्टर की शुद्धता बनाए रखने की दिशा में अहम मानी जा रही है। प्रशासन का मानना है कि गलत प्रविष्टियों के माध्यम से सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का दुरुपयोग रोका जाना आवश्यक है। हाल के वर्षों में ऐसे मामलों में बढ़ोतरी के चलते प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि परिवार रजिस्टर में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। जांच रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया कि परिवार रजिस्टर में दर्ज अन्य नामों का सत्यापन नहीं हो सका। जांच के समय उपस्थित व्यक्तियों की पहचान से जुड़े दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। साथ ही, शिकायतकर्ता का भी इस परिवार से कोई संबंध नहीं पाया गया। इन तथ्यों के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला गया कि परिवार रजिस्टर में फर्जी प्रविष्टियां की गई थीं। सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) ने जारी आदेश में स्पष्ट किया है कि शैल कुमारी और उनके दोनों पुत्रों के अतिरिक्त परिवार रजिस्टर में दर्ज सभी नाम तत्काल हटाए जाएं। ग्राम पंचायत सचिव को निर्देश दिया गया है कि आदेश की प्रति पंचायत भवन के सूचना पट्ट पर चस्पा की जाए और उसका फोटोग्राफिक साक्ष्य सुरक्षित रखा जाए। आदेश में यह भी कहा गया है कि यदि कोई व्यक्ति इस निर्णय से असंतुष्ट है तो वह 30 दिनों के भीतर उत्तर प्रदेश पंचायत राज (कुटुम्ब रजिस्टर के अनुरक्षण) नियमावली 1970 की धारा 6(क) के तहत उप-खंडीय अधिकारी के समक्ष अपील कर सकता है। अपील पर लिया गया निर्णय अंतिम माना जाएगा।

## दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ अम्बेडकरनगर का चुनाव संपन्न

### संगठन सचिव पद पर विवेक मिश्रा निर्विरोध निर्वाचित

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ, शाखा अम्बेडकरनगर का संगठनात्मक चुनाव शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित माहौल में संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया के तहत संगठन सचिव पद के लिए विवेक मिश्रा का एक बार फिर निर्विरोध चयन किया गया। निर्वाचन की औपचारिक घोषणा होते ही न्यायालय परिसर में उपस्थित कर्मचारियों और पदाधिकारियों ने तालियों के साथ उनका स्वागत किया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चुनाव संपन्न कराया गया, जिसमें सभी पदों की प्रक्रिया पारदर्शिता और आपसी सहमति के साथ पूरी की गई। संगठन सचिव पद पर केवल एक नामांकन प्राप्त होने के कारण विवेक मिश्रा को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार का विवाद या असहमति सामने नहीं आई। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद शपथ ग्रहण एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर न्यायालय के अधिकारी, कर्मचारी संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित संगठन सचिव विवेक मिश्रा को माला पहनाकर सम्मानित किया गया और उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी गईं। अपने संक्षिप्त संबोधन में विवेक मिश्रा ने संगठन के सदस्यों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर उठाया जाएगा और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों से निरंतर संवाद किया जाएगा।

## स्वास्थ्य केंद्र पर लापरवाही का आरोप, पुलिस को दी तहरीर

# सम्मनपुर में प्रसव के दौरान महिला की मौत

**“निजी अस्पताल में महिला को भर्ती करने से पहले परिजनों से धनराशि जमा कराई गई। लगभग तीन घंटे तक वहां रखने के बाद महिला की हालत गंभीर बताकर उसे भी रेफर कर दिया गया। इसके बाद परिजन महिला को पीजीआई टांडा मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे।**

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। सम्मनपुर थाना क्षेत्र के सैदापुर गांव में प्रसव के दौरान एक महिला की मौत का मामला सामने आया है। परिजनों ने नजदीकी आरोग्य केंद्र पर गंभीर लापरवाही और समय पर उपचार न मिलने का आरोप लगाया है। घटना के बाद गांव में आक्रोश का माहौल है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार सैदापुर निवासी 28 वर्षीय नीलम पत्नी चंद्रेख को 7 फरवरी को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन नजदीकी एएनसी/आरोग्य केंद्र लेकर पहुंचे। वहीं महिला की डिलीवरी कराई गई। परिजनों का कहना है कि प्रसव के बाद महिला को सामान्य बताया गया, जबकि उसे लगातार अत्यधिक रक्तस्राव होता रहा। इस पर परिजनों ने स्वास्थ्य कर्मियों को अवगत कराया, लेकिन स्थिति को गंभीरता से नहीं लिया गया।

परिजनों का आरोप है कि हालत बिगड़ने के बावजूद महिला को तत्काल रेफर करने की व्यवस्था नहीं की गई। स्वास्थ्य केंद्र से परिजनों को स्वयं महिला को किसी अन्य अस्पताल ले जाने को कहा गया। इसके बाद परिजन महिला को करीब चार किलोमीटर दूर एक निजी अस्पताल ले गए। पीजीआई टांडा पहुंचने पर चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। रविवार को आक्रोशित परिजनों ने आरोग्य केंद्र के बाहर हंगामा किया और स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही का आरोप लगाया। परिजनों ने सम्मनपुर थाने में तहरीर देकर संबंधित डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### डॉक्टर की अनुपस्थिति का आरोप

परिजनों का आरोप है कि डिलीवरी के समय केंद्र पर तैनात डॉक्टर मौजूद नहीं थे। बताया गया कि डॉक्टर किसी अन्य ग्राम सभा में गए हुए थे और बाद में दूसरे स्थान से डॉक्टर को बुलाया गया। इस देरी के कारण महिला को समय पर समुचित इलाज नहीं मिल सका। परिजनों का कहना है कि यदि समय रहते उचित उपचार किया जाता तो महिला की जान बचाई जा सकती थी।

## केंद्र अधीक्षकों को कार्यपालक मजिस्ट्रेट की शक्तियां यूपी बोर्ड परीक्षा में सख्ती

तमसा संकेत, संवाददाता




अम्बेडकरनगर। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने सख्त व्यवस्था लागू की है। जिले में परीक्षा अवधि के दौरान सभी केंद्र अधीक्षकों को कार्यपालक मजिस्ट्रेट की शक्तियां प्रदान की गई हैं। यह व्यवस्था 18 फरवरी से शुरू होकर 12 मार्च तक चलने वाली परीक्षाओं की अवधि तक प्रभावी रहेगी।

शासन की ओर से जारी निर्देशों के तहत परीक्षा केंद्रों के व्यवस्थापकों को कार्यपालक मजिस्ट्रेट के रूप में नामित किया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि केंद्र व्यवस्थापकों को अपने परीक्षा केंद्र की सीमा के भीतर संहिता के अंतर्गत कार्यपालक मजिस्ट्रेटों को प्राप्त सभी अधिकार प्राप्त होंगे। इन शक्तियों का प्रयोग परीक्षा के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई के लिए किया जाएगा। इस प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए केंद्र व्यवस्थापक संबंधित थाने के पुलिस अधिकारी को लिखित रूप से अतिरिक्त पुलिसकर्मी उपलब्ध कराने के लिए सूचित करेंगे। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक और अपर पुलिस अधीक्षक को भी दी जाएगी, ताकि सुरक्षा व्यवस्था में किसी तरह की कमी न रहे।

हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा वर्ष 2026 के प्रश्नपत्रों की प्राप्ति और भंडारण के लिए भी विशेष प्रबंध किए गए हैं। प्रश्नपत्रों के कार्टून बॉक्स प्राप्त करते समय केंद्र व्यवस्थापक, बाह्य केंद्र व्यवस्थापक और स्टैटिक मजिस्ट्रेट की संयुक्त उपस्थिति अनिवार्य होगी।

### उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षित ढुलाई पर जोर

परीक्षा समाप्ति के बाद उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षा को लेकर भी कड़े निर्देश जारी किए गए हैं। केंद्र व्यवस्थापक सील बंद उत्तर पुस्तिकाओं के बंडलों को अपने विश्वसनीय कर्मचारी के माध्यम से पुलिसकर्मी की निगरानी में तहसीलवार बनाए गए उप-संकलन केंद्रों तक भेजेंगे। बिना पुलिसकर्मी की मौजूदगी के किसी भी स्थिति में उत्तर पुस्तिकाओं का परिवहन नहीं किया जाएगा।

## एलआईसी फैजाबाद मंडल में 9 फरवरी को 'धन्यवाद दिवस'

तमसा संकेत, संवाददाता



**मुख्य जीवन बीमा सलाहकार नियुक्ति के बाद अभिकर्ताओं की पहल**

अंबेडकरनगर। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के फैजाबाद मंडल में 9 फरवरी 2026 को 'धन्यवाद दिवस' मनाया जाएगा। यह निर्णय केंद्रीय कार्यालय द्वारा मेनिका सिंह को मुख्य जीवन बीमा सलाहकार (सीएलआईए) नियुक्त किए जाने के बाद लिया गया है। मंडल स्तर पर इस नियुक्ति को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। अभिकर्ताओं के अनुसार यह उपलब्धि मंडल के समन्वित प्रयासों और नेतृत्व के मार्गदर्शन का परिणाम है। अधिकारियों के सहयोग से सीएलआईए चैनल को नई पहचान और मजबूती मिली है। अभिकर्ताओं का कहना है कि यह नियुक्ति केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि पूरे फैजाबाद मंडल की सामूहिक सफलता का प्रतीक है। इसी क्रम में सोमवार को मंडल कार्यालय से जुड़े सभी अभिकर्ताओं ने 'धन्यवाद दिवस' मनाने का संकल्प लिया है। इस अवसर पर अभिकर्ता बेहतर और सशक्त बीमा योजनाओं के माध्यम से अपनी सहभागिता दर्ज कराएंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य संगठन के प्रति आभार प्रकट करने के साथ टीम भावना को और सुदृढ़ करना है। मुख्य जीवन बीमा सलाहकार मेनिका सिंह ने अभिकर्ताओं से इस आयोजन में सक्रिय भागीदारी की अपील की है। उन्होंने कहा कि मंडल की प्रगति में हर अभिकर्ता की भूमिका अहम है और सभी से एक से दो पॉलिसी के माध्यम से योगदान सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

## कार्रवाई : 100 भवनों पर लाल निशान, नहीं हटाया अतिक्रमण तो चलेगा बुलडोजर

# नगरपालिका अकबरपुर में अतिक्रमण पर सख्ती

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। नगरपालिका अकबरपुर क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। लोक निर्माण विभाग और नगर पालिका प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई के तहत शनिवार को पटेल नगर से तहसील तिराहे ओवरब्रिज के नीचे तक सड़क किनारे बने अतिक्रमण को चिह्नित किया गया। इस दौरान करीब 100 दुकानों और मकानों पर लाल निशान लगाए गए हैं। सड़क के किनारे चार मीटर से छह मीटर तक के दायरे में किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई प्रस्तावित है। प्रशासन की ओर से अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए हैं। तय समय सीमा के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाने की स्थिति में बुलडोजर से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। लाल निशान लगाए जाने के बाद कई दुकानदारों और भवन स्वामियों में हलचल देखी गई और कुछ लोगों ने खुद ही अतिक्रमण हटाने की तैयारी शुरू कर दी है। प्रशासन की योजना के तहत टांडा, दोस्तपुर मार्ग, ओवरब्रिज के नीचे का क्षेत्र, पटेलनगर, बसखारी और पहितीपुर मार्ग पर स्थित 300 से अधिक दुकानों और मकानों को अतिक्रमण की श्रेणी में चिह्नित किया गया है।

### सुगम यातायात के लिए अभियान तेज

शहर की प्रमुख सड़कों पर यातायात को सुचारू बनाने और सड़क की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए लोक निर्माण विभाग और नगर पालिका प्रशासन लगातार अभियान चला रहा है। प्रशासन का कहना है कि अतिक्रमण के कारण सड़कें संकरी हो गई हैं, जिससे जाम की स्थिति बनी रहती है। इसी को देखते हुए यह कार्रवाई की जा रही है।

**प्रशासन इससे पहले अकबरपुर-अयोध्या मार्ग पर भी अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई कर चुका है। इस मार्ग पर करीब 206 दुकानों और मकानों पर बुलडोजर चलाकर स्थायी और अस्थायी अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया था। उस कार्रवाई के बाद यातायात व्यवस्था में आंशिक सुधार देखने को मिला था।**

### अतिक्रमणकारियों में मचा हड़कंप

लगातार हो रही कार्रवाई और नोटिस जारी होने से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा हुआ है। कई दुकानदार अपने स्तर से निर्माण हटाने में जुट गए हैं, ताकि बुलडोजर की कार्रवाई से बचा जा सके। प्रशासनिक सख्ती के चलते बाजार क्षेत्रों में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

## राजस्व विभाग की कार्यशैली पर जताई नाराजगी

### संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम सख्त

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। फरियादियों की ओर से बार-बार की जा रही शिकायतों के बावजूद मामलों का समय पर निस्तारण न होने पर उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को फटकार लगाई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने जलालपुर उपजिलाधिकारी को निर्देश दिए कि प्रत्येक गुरुवार को लंबित शिकायतों, न्यायालयों द्वारा पारित आदेशों और धारा-24 से संबंधित प्रकरणों का अनिवार्य रूप से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आदेशों के अनुपालन की नियमित समीक्षा की जाएगी और किसी भी प्रकार की शिथिलता पर जिम्मेदारी तय की जाएगी।

संपूर्ण समाधान दिवस में आए गंभीर मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ताओं की समस्याओं का समाधान तय समय सीमा में होना चाहिए, ताकि लोगों को बार-बार तहसील और कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। जिलाधिकारी ने ऊसर, बंजर, चकमार्ग और अन्य सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटाने को लेकर सख्त रुख अपनाया।

# सम्पादकीय

## समझौते की रूपरेखा



आखिरकार अमेरिका और भारत के बीच अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा पर सहमति बनने की घोषणा हो गई। इसी के साथ अनिश्चितता के तमाम बादल छंट गए और यह स्पष्ट हो गया कि जल्द ही दोनों देशों के बीच व्यापार शुरू हो जाएगा। भारत पर अमेरिकी टैरिफ का 25 से 18 प्रतिशत तय हो जाना और रूस से तेल खरीदने के कारण लगाए गए दंडात्मक 25 प्रतिशत टैरिफ का हट जाना राहत की एक बड़ी खबर है। राहत की बात यह भी है कि दोनों देश समझौते को शीघ्र ही अंतिम रूप देने को तत्पर हैं।

समझौते की रूपरेखा के अनुसार भारत अमेरिका के सभी औद्योगिक सामानों, सूखे अनाज, पशु आहार के लिए ज्वार, मेवे, प्रसंस्कृत फल, सोयाबीन तेल, शराब, स्पिरिट और अन्य उत्पादों सहित कई प्रकार के खाद्य और कृषि उत्पादों पर शुल्क समाप्त या कम करेगा। इसी तरह अंतरिम समझौते के बाद भारत से अमेरिका निर्यात होने वाली जेनेरिक दवाइयों, रत्न, हीरे, विमान के कल-पुर्जों सहित कई वस्तुओं पर शुल्क शून्य हो जाएगा।

यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है, क्योंकि पहले यह माना जा रहा था कि भारत से निर्यात होने वाली सभी सामग्री पर 18 प्रतिशत टैरिफ लगेगा। इससे यह भी रेखांकित होता है कि समझौता बराबरी के स्तर पर होने जा रहा है। अमेरिकी टैरिफ में कमी से भारत के कपड़ा, परिधान, चमड़ा, जूते, प्लास्टिक, रबर, जैविक रसायन, घरेलू सजावट, हस्तशिल्प उत्पाद और कुछ मशीनरी के निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा।

व्यापार समझौते की रूपरेखा यह भी बता रही है कि भारत कृषि और डेरी सेक्टर को संरक्षित करने में सक्षम रहा और वे आशंकाएं सही नहीं थीं कि हमें अमेरिकी दबाव के सामने अपने हितों की अनदेखी करनी पड़ सकती है। इसकी पुष्टि संयुक्त बयान के इस अंश से होती है कि भारतीय वस्तुओं पर शुल्क कम करने के लिए अमेरिका भारत के अनुरोध पर विचार करेगा।

यह भी महत्वपूर्ण है कि दोनों देश बाजार पहुंच के अवसरों को और बढ़ाने की दिशा में काम करेंगे। वास्तव में इससे ही दोनों देशों के बीच 2030 तक 500 अरब डालर के व्यापार के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। व्यापार समझौते पर सहमति की जो रूपरेखा सामने आई, वह यह भरोसा दिलाने वाली है कि भारत की निर्यात क्षमता बढ़ेगी और मेक इन इंडिया अभियान को बल मिलेगा।

यदि इस अभियान को सचमुच बल मिला तो भारत के तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का मार्ग प्रशस्त होगा और साथ ही सप्लाई चेन में भी उसकी भूमिका बढ़ेगी। आज जब दुनिया के प्रमुख देश यह चाहते हैं कि ग्लोबल सप्लाई चेन में भारत बड़ी भूमिका निभाए और चीन के दबदबे को कम करे, तब भारतीय कारोबारियों को विश्व बाजार में अपने बलबूते अपनी जगह बनाने के लिए तैयार रहना होगा।

# चुनौती का सामना करें भारतीय उद्योग

## यूरोपीय संघ और भारत के बीच व्यापार समझौता बहुत महत्वपूर्ण

> जिस तरह भारत और यूरोपीय संघ के बीच व्यापार समझौते ने सुर्खियां बटोरीं, उसी तरह भारत और अमेरिका के बीच होने वाले व्यापार समझौते को लेकर भी दुनिया भर में चर्चा हो रही है। समझौते पर दोनों देशों के साझा बयान ने चर्चा को और तेज कर दिया है।



इस वर्ष गणतंत्र दिवस पर यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वान और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा की दिल्ली में उपस्थिति केवल भारत और यूरोप के बीच के मधुर होते संबंधों को ही नहीं बयान कर रही थी, बल्कि इन संबंधों को आगे बढ़ाने की पहल को भी रेखांकित कर रही थी। अंततः गणतंत्र दिवस के अगले दिन यूरोपीय संघ और भारत के बीच वह व्यापार समझौता हो गया, जिसकी व्यापक चर्चा हो रही थी और जिसे सभी व्यापार समझौतों की जननी कहा जा रहा था।

इस समझौते ने दुनिया भर का ध्यान आकर्षित किया। प्रारंभ में अमेरिका की प्रतिक्रिया बहुत उत्साहजनक नहीं थी, लेकिन जल्द ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी भारत के साथ व्यापार समझौते पर सहमति बन जाने की घोषणा की। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अमेरिका भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ को 18 प्रतिशत करने जा रहा है।

उनकी इस घोषणा का भारतीय प्रधानमंत्री ने भी स्वागत किया। चूंकि गत दिवस इस समझौते की रूपरेखा सामने आ गई, इसलिए माना जा रहा है कि अगले माह इस पर हस्ताक्षर हो जाएंगे। यूरोपीय यूनियन की तरह अमेरिका से होने वाला व्यापार समझौता इसलिए विशेष है, क्योंकि इसे लेकर असमंजस था कि दोनों देशों के बीच व्यापार समझौता हो पाएगा या नहीं? भारत-यूरोपीय संघ के बीच व्यापार समझौता इसलिए हो सका, क्योंकि एक ओर जहां भारत अमेरिकी राष्ट्रपति के रवैये से चिंतित था, वहीं दूसरी ओर यूरोप के देश भी। इस समझौते का एक कारण यह भी रहा कि पिछले कुछ समय में भारत ने यूरोप के प्रमुख देशों फ्रांस और जर्मनी के साथ अपने रिश्ते प्रगाढ़ किए हैं।

इसके अलावा हाल के समय में भारत ने ब्रिटेन, न्यूजीलैंड, ओमान और यूएई के साथ भी व्यापार समझौते किए हैं। कुछ अन्य देशों से भी भारत की व्यापार समझौते संबंधी वार्ताएं अंतिम चरण में हैं। इन देशों में कनाडा भी है, जिसके इन दिनों अमेरिका से रिश्ते खराब चल रहे हैं। यूरोप को व्यापार के मामले में भारत का साथ लेना इसलिए आवश्यक महसूस हो रहा था, क्योंकि यहां के देश कई आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

वैसे तो यूरोपीय देश संपन्न हैं, लेकिन उनके यहां छोटी-मोटी चीजों का उत्पादन बंद सा हो गया है और वे हाईटेक उत्पादों और सेवाओं पर ही अधिक केंद्रित हैं। यूरोपीय देश अप्रवासियों के आगमन के चलते सामाजिक उथल-पुथल का भी सामना कर रहे हैं। वहां के कई देशों में अप्रवासियों के खिलाफ मुहिम चल रही है। यूरोप भले ही दो दर्जन से अधिक देशों की एक इकाई हो, पर वहां के कुछ देश अत्यधिक विकसित हैं तो कुछ विकासशील देशों की श्रेणी में आते हैं। ऐसे विकासशील देश भारत से व्यापार को अपने लिए और लाभप्रद मान रहे हैं।

भारत अमेरिका के साथ यथाशीघ्र व्यापार समझौते के लिए इसलिए प्रयत्नशील था, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद भारतीय निर्यातक मुश्किल में थे। यह व्यापार समझौता ट्रंप के रवैये के कारण ही अटका हुआ था। वे इससे खफा थे कि भारत उनके न चाहने के बाद भी रूस से तेल खरीद रहा है। हालांकि पिछले कुछ समय में भारत ने रूस से तेल खरीद में कटौती की थी, लेकिन ट्रंप किसी तरह की नरमी नहीं दिखा रहे थे। पिछले दिनों उन्होंने जब वेनेजुएला पर हमला कर वहां के राष्ट्रपति का अपहरण कर लिया और वहां अपनी कठपुतली सरकार स्थापित कर दी तो स्थितियां तेजी से बदलीं। वेनेजुएला में सत्ता परिवर्तन के बाद ट्रंप ने यह घोषणा की कि अब उसके तेल की बिक्री उनके हिसाब से होगी। इस घोषणा के कुछ दिनों बाद भारतीय प्रधानमंत्री और वेनेजुएला की राष्ट्रपति के बीच वार्ता भी हुई। इसी वार्ता के चंद दिन बाद ट्रंप ने भारत से व्यापार समझौते पर सहमति बन जाने के साथ यह भी घोषणा की कि अब भारत वेनेजुएला से तेल खरीदेगा और रूस से तेल खरीद बंद करेगा। चूंकि भारत पहले भी वेनेजुएला से तेल खरीदता था, इसलिए यदि वह फिर से उससे तेल खरीद शुरू कर देता है तो इसमें कोई नई-अनोखी बात नहीं, लेकिन देखना यह है कि क्या वह रूस से पूरी तौर पर तेल खरीदना बंद करेगा? यूरोपीय संघ के साथ हुए व्यापार समझौते और अमेरिका के साथ होने वाले इसी तरह के समझौते के बाद भारत सरकार के साथ भारतीय कारोबारियों को इस पर विशेष ध्यान देना होगा कि इन समझौतों का अधिक से अधिक लाभ कैसे उठाया जाए। चूंकि यूरोप के देशों ने हर मामले में अपने मानक ऊंचे कर रखे हैं, इसलिए भारतीय कारोबारियों को इस पर गौर करना होगा कि उनके उत्पाद और उनकी सेवाएं वहां के मानकों पर खरी उतर सकें। वे इसकी अनदेखी नहीं कर सकते कि चाहे खाद्य पदार्थ हों या कपड़े अथवा अन्य उत्पाद, उनकी मांग यूरोप-अमेरिका में तभी बढ़ेगी, जब उनकी गुणवत्ता उच्च स्तर की होगी। स्पष्ट है कि विकसित देशों में अपना उत्पाद बेचने के इच्छुक भारतीय उद्योगों को अपने उत्पादों की गुणवत्ता सुधारने पर अतिरिक्त ध्यान देना होगा। माना जा रहा है कि यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौते पर अमल के बाद भारत से बड़ी मात्रा में गारमेंट्स, एनिमल हसबेंडरी, फिशरीज, मीट आदि का निर्यात बढ़ सकता है। संभवतः इसी को ध्यान में रखकर बजट में गारमेंट्स, एनिमल हसबेंडरी, फिशरीज और मीट प्रोसेसिंग सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रविधान किए गए हैं। इन प्रविधानों का मुख्य उद्देश्य निर्यात बढ़ाने के साथ रोजगार सृजन करना भी है। ऐसा वास्तव में हो, यह सुनिशिचित करना होगा और यह तब होगा, जब हमारे उद्योग शोध एवं विकास पर ध्यान देंगे।

इससे ही उनके उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ेगी और यूरोप के साथ अमेरिका में उनकी खपत भी बढ़ेगी। भारत अगर निर्यात में अपना सही मुकाम हासिल नहीं कर पा रहा है तो इसका कारण यही है कि गुणवत्ता के प्रति भारतीय उद्योगों का रवैया ढीला-ढाला है।

**- संजय गुप्त**

# कात्यों पिंज्यों कपास

पले पुषे । वह उन्होंने अपनी - अपनी समझ अनुसार दोनों ने अपनी बुद्धि विकसाई । बड़ा भाई शराबी बना वह उसने सातों ही व्यसन को पनपाया । छोटा भाई व्यसन मुक्त जीवन में सब सद्गुण प्रकट कर रहा । एक बार उनके घर पर संत पधारे और बड़े से पूछें - ये व्यसनों की आदत तुमने कहाँ से पाई? वह बोला - यह तो पैतृक गुण हैं जो मैंने अपने आप में विकसायें हैं । पिताजी के सारे गुण मैंने अपनाए हैं। यह सुन संत छोटे से पूछें - तुम तो व्यसन मुक्त आनंदित जीवन जी रहे , तुमने तो पिताजी से ऐसा कुछ नहीं सीखा । वह बोला - मैंने तो पिताजी के जीवन से ही जीने का तजुर्बा सीखा हैं । संत यह सुन आश्चर्य विस्मित बोले- एक ही पिता से तुम दोनों में कैसे विपरीत लक्षण आये ? बड़ा बोला- पिताजी में ये सारे ही व्यसन व्याप्त थे । मैंने वही संस्कार प्राप्त किये। छोटा बोला- बात सही है ,पिताजी दुखी थे और वे व्यसनों में लिप्त थे । अतः मैंने सोचा इन सब चीजों में, मैं कभी भी संलिप्त न होऊंगा। मुझे शांति व आनंदमय जीवन जीना है । इन बुरी आदतों से सदा ही बचना है । एक ही पिता के दो पुत्रों में अलग अलग संस्कारों वपन का होना। उनके दृष्टिकोण का स्पष्ट नजर फर्क आ रहा हैं । बड़ा नकारात्मक चिंतन व नजरिये वाला आदि था । छोटा सही सकारात्मक दृष्टि वाला था । हम भी विधायक दृष्टिकोण रखें। किसी भी जीवन या घटना से गुण ले लेवे,अवगुणों को गौण कर दें।एक कहावत हैं कात्यों पिंज्यों कपास । रात भर तो काता । सुबह देखा तो कपास हो गया । वह इतना श्रम किया फिर भी बात को लेकर वही आग्रह हैं । इसका यह भी अर्थ लिया जा सकता हैं किसी बात के सन्दर्भ में कि मैं बात तो समझ गया यह सही हैं लेकिन मैं अपने मत को नहीं छोड़ूंगा । वह पूछा जाता हैं क्यों नहीं छोड़ोगे तो बोला जाता हैं हमारे से बड़े करते आयें हैं , यही होता आया हैं , यही हो रहा है आदि - आदि तो मैं इसे कैसे छोड़ूं । उसको छोड़ना क्या सहज हैं ? मैं कैसे उसे छोड़ दूं ? पत्थर तब तक सलामत है जब तक वो पर्वत से जुड़ा है । पत्ता तब तक सलामत है जब तक वो पेड़ से जुड़ा है ।

**› प्रदीप छाजेड़**

## स्थानीय इतिहासकार ...

रामस्वरूप रावतसरे

# बंगाल में सनातनी परंपरा का 'बोंगो त्रिवेणी कुंभ' 700 साल बाद फिर शुरू

पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में 700 साल बाद फिर से हिंदुओं का पवित्र 'बोंगो त्रिवेणी कुंभ महोत्सव' फिर से आकार ले रहा है। यह महोत्सव हुगली के बांसबेड़िया क्षेत्र में स्थित 'त्रिवेणी' में आयोजित होगा। इसे प्रयागराज का दक्षिणी रूप कहा जाता है। मान्यता है कि यहाँ गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों का संगम होता है। इसी जगह पर 11 से 14 फरवरी 2026 के बीच 'बोंगो त्रिवेणी कुंभ महोत्सव' फिर से हो रहा है। जानकारों के अनुसार हुगली का यह 'दक्षिण प्रयाग' प्राचीन काल से कुंभ स्नान और मेले का केंद्र रहा, लेकिन 1292 ईस्वी में जफर खान गाजी के आक्रमण और मंदिर तोड़ने के बाद करीब 700 साल तक यह परंपरा बंद हो गई थी। बताया जा रहा है साल 2022 में इतिहासकार कंचन बनर्जी, प्रबीर भट्टाचार्य और त्रिवेणी कुंभ मेला समिति के प्रयासों से इसे फिर जीवित किया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र पीएम मोदी ने 'मन की बात' में और पत्र के जरिए इसकी सराहना की है। पीएम मोदी ने कहा कि यह भारत की सांस्कृतिक विरासत को बचाने का सराहनीय कदम है। दरअसल, ये बात सभी जानते हैं कि बंगाल को ऐतिहासिक रूप से हिंदू विचार, दर्शन और आध्यात्मिक परंपराओं की एक महत्वपूर्ण भूमि माना जाता है। गंगा, ब्रह्मपुत्र डेल्टा क्षेत्र में प्राचीन वैदिक



परंपराएँ और स्थानीय लोक आस्थाएँ मिलकर हिंदू धर्म का एक अलग और खास रूप बनाती हैं।

'दक्षिण प्रयाग' कहे जाने के कारण त्रिवेणी में होने वाले धार्मिक स्नान और मेले बहुत पवित्र माने जाते हैं, खासकर कुंभ संक्रांति जैसे शुभ मौकों पर। इस स्थान का संबंध पास के ऐतिहासिक क्षेत्र सप्तग्राम से भी जुड़ा हुआ बताया जा रहा है, जो पहले एक बड़ा धार्मिक और व्यापारिक केंद्र था। वैष्णव विद्वान वृंदावन दास के अनुसार, सप्तग्राम, त्रिवेणी घाट वह पवित्र स्थान है जहाँ सप्तऋषियों ने तपस्या की थी। मान्यता है कि यहाँ स्नान करने से इंसान के पाप धुल जाते हैं। प्रयागराज और पश्चिम बंगाल की त्रिवेणी जैसे पवित्र संगम स्थलों पर सामूहिक स्नान की परंपरा कई सदियों से चली आ रही है। यह भी कहा जाता है कि त्रिवेणी में स्नान करने से इंसान की सोई हुई आध्यात्मिक शक्ति जाग जाती है, ज्ञान की राह खुलती है और मन को शांति व संतुलन मिलता है। यहाँ हर 4 साल में एक बार कुंभ मेला आयोजित किया जाता है। अर्ध कुंभ हर 6 साल में हरिद्वार और प्रयागराज में होता है, जबकि पूर्ण कुंभ हर 12 साल में आयोजित किया जाता है। पूर्ण कुंभ का समय गुरु (बृहस्पति), सूर्य और चंद्रमा की स्थिति के आधार पर तय होता है और यह चार पवित्र स्थानों- प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में से किसी एक जगह पर होता है। महाकुंभ मेला हर 144 साल में एक बार आयोजित होता है। हाल ही में इसका आयोजन 2024 में प्रयागराज में हुआ था जिसे बहुत ऐतिहासिक और खास माना गया। एक समय बंगाल की पवित्र धरती पर भी कुंभ मेला लगता था, लेकिन बार-बार हुए इस्लामी आक्रमणों के कारण यह परंपरा धीरे-धीरे खत्म हो गई और लोगों की यादों से भी मिटती चली गई।

स्थानीय इतिहासकार अशोक गांगुली के अनुसार, त्रिवेणी कुंभ मेला और गंगासागर मेले के बीच पुराना ऐतिहासिक संबंध था। पहले के समय में साधु-संत गंगासागर मेला खत्म होने के बाद पैदल चलकर त्रिवेणी आते थे और माघ संक्रांति के दिन स्नान करते थे। त्रिवेणी में इस दिन को 'अनुकुंभ' के रूप में मनाया जाता था। उस दौर में सप्तग्राम और त्रिवेणी शिक्षा, संस्कृति और तीर्थ यात्रा के बड़े केंद्र हुआ करते थे। लेकिन 1292 ईस्वी में इस्लामी शासक जफर खान गाजी ने त्रिवेणी पर हमला किया और इलाके को घेर लिया। इस दौरान कई हिंदुओं की हत्या की गई और पाल वंश काल का एक प्राचीन विष्णु मंदिर तोड़ दिया गया। इसके बाद हिंदुओं की धार्मिक सभाओं और जुलूसों पर रोक लगा दी गई, जिससे त्रिवेणी कुंभ मेले की परंपरा पूरी तरह खत्म हो गई थी। जानकारों के अनुसार 1288 से 1313 ईस्वी के बीच, सप्तग्राम और त्रिवेणी पूरी तरह इस्लामी आक्रमणकारियों के नियंत्रण में आ गए। कई इतिहासकारों का मानना है कि इस समय हिंदू और बौद्ध मंदिरों व मठों को जानबूझकर तोड़ा गया और उनकी जगह मस्जिदें और दरगाहें बनाई गईं।

## सरकार...

राजेश श्रीवास्तव

# हंगामे के बीच गहराता जा रहा संसदीय परंपराओं पर संकट

बीते दिनों संसद को ऐसा दिन भी देखना पड़ा जब विपक्ष की नारेबाजी और वॉकआउट के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने राज्यसभा में राष्ट्रपति अभिभाषण पर जवाब दिया और उससे पहले लोकसभा में भारी शोर-शराबे के बीच उनके भाषण के बगैर ही धन्यवाद प्रस्ताव पारित हो गया, यह शायद 2004 के बाद पहला मौका था। सरकार और विपक्ष के बीच यह तनातनी संसदीय लोकतंत्र की परंपराओं और गरिमा के लिहाज से अत्यंत क्षोभजनक और चिताजनक भी है। संसद का मौजूदा बजट सत्र टकराव और नैरेटिव गढ़ने की जंग का मैदान बन गया है। राष्ट्रपति के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा पूर्व सेना अध्यक्ष एम.एम. नरवणे की एक अप्रकाशित पुस्तक का जिक्र करने से सदन में भारी हंगामा हुआ। गतिरोध पूरे हफ्ते चलता रहा। सत्ता पक्ष और विपक्ष ने अपने-अपने राजनीतिक फायदे के हिसाब से पूरे मुद्दे को भुनाने की कोशिश की। जब नाम के साथ गांधी सरनेम जुड़ जाता है तो उस नाम की एरोगेंस का लेवल डिफरेंट हो जाता है। हर संसद सत्र में वो एक मुद्दा दे देते हैं। वो पत्रकारों को विषय देते हैं और सरकार को भी व्यस्त रखते हैं। खबरों में बने रहने का जो इनकी नई कला है वह लेफ्ट से आई है। कांग्रेस अब 'सेंटर' की अपनी ताकत खो चुकी है और राहुल गांधी के नेतृत्व में केवल हेडलाइंस बनाने के लिए मानो लेफ्ट की वैचारिक जमीन पर खड़ी है। संसद एक ऐसा प्लेटफार्म है जहां पर पूरे देश के अंदर संदेश दे सकते हैं और राजनीति चलती ही नैरेटिव पे है। अगर कोई मुद्दा राहुल गांधी उठाते हैं तो उसे सुना तो जाना चाहिए। राहुल के मुद्दे सत्ता पक्ष को एक डिफेंसिव ग्राउंड पर ले जाते हैं। राहुल जिस तरह की राजनीति



करते हैं, वो जिस तरह के मुद्दे उठाते हैं, उस पर विवाद होते रहते हैं। जहां तक नियम का सवाल रहा तो ऐसे बहुत से उदाहरण हैं जहां राहुल को नियमों के होते हुए भी रोक दिया जाता है। ये सही है कि राहुल को नियम के तहत ही मुद्दों को उठाना चाहिए। राहुल गांधी एक नरेटिव गढ़ने को कोशिश कर रहे हैं, राहुल पॉलिटिक्स के अंदर कमबैक करने की कोशिश कर रहे हैं... वो अपनी बात को सीधे-सीधे व्यक्त करने की कोशिश करते हैं जिसमें लाग-लपेट नहीं होती। संसदीय बहस में हमें यह तय करना होगा कि काउंटर करने का स्तर क्या हो। राहुल ने अपनी तरफ से कुछ नहीं गढ़ा। उन्होंने वही पढ़ा जो पब्लिकेशन में था। सत्ता ये सोचती है कि वो ऑल पावरफुल है... जब आप यह मानने लगते हैं कि आप ही सही हैं, वहां समस्या आती है। निशिकांत दुबे काउंटर करने के लिए व्यक्तिगत जीवन को लेकर आए। व्यक्तिगत आक्षेप नहीं होने चाहिए। संसद एक ऐसा फोरम है जहां आप एग्जिक्यूटिव की आलोचना कर सकते हैं। संविधान में ये चीजें इसीलिए बनाई गई। संसद को भी आप नहीं चाहते कि संसद भी संसद की तरह रहे और अपोजिशन वहां सवाल करे।

## जरा हटके

## यह घटना अभिभावकों...

बाबूलाल नागा

# सवालों के घेरे में ऑनलाइन गेमिंग गाजियाबाद की घटना ने खोली आंखें

डिजिटल युग में जहां मोबाइल फोन बच्चों की पढ़ाई, खेल और मनोरंजन का साधन बन चुका है, वहीं इसी चमकदार स्क्रीन के पीछे छिपा अंधेरा अब मासूम जिंदगियों को निगलने लगा है। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से सामने आई तीन नाबालिग बच्चियों की आत्महत्या की घटना ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया है। गाजियाबाद में 3 बहनों ने 9वीं मंजिल से कूदकर सुसाइड कर लिया। पहले सामने आया कि उन्होंने कोरियन गेम खेलने के दौरान टास्क पूरा करते हुए मौत को गले लगाया मगर 10 घंटे की छानबीन के बाद पता चला कि पिता चेतन ने बच्चों को डांटा था। मोबाइल भी छीन लिया था। इसके बाद उन्होंने 3 फरवरी की रात 2 बजे बालकनी से कूदकर सुसाइड कर लिया। निशिका 16 साल, प्राची 14 साल जबकि पाखी 12 साल की थी।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार यह दुखद कदम कथित तौर पर एक कोरियन ऑनलाइन गेम के प्रभाव में उठाया गया जिसने बच्चों के मानसिक संतुलन, भावनात्मक सुरक्षा और सामाजिक जिम्मेदारी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बताया जा रहा है कि लंबे समय से मोबाइल फोन के माध्यम से एक विशेष ऑनलाइन गेम से जुड़ी हुई थीं। यह गेम धीरे-धीरे बच्चों को आभासी दुनिया में इस कदर जकड़ लेता है कि वास्तविक जीवन, परिवार और भविष्य सब पीछे छूट जाता है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन






हरकत में आया। पुलिस ने बच्चियों के मोबाइल फोन, सोशल मीडिया अकाउंट और गेमिंग हिस्ट्री की जांच शुरू कर दी है। साइबर विशेषज्ञों की मदद से यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि आखिर गेम में ऐसा क्या था जिसने तीन मासूम जिंदगियों को इस हद तक प्रभावित कर दिया। हालांकि जांच अभी जारी है, लेकिन यह साफ है कि मामला केवल एक परिवार या एक शहर तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे देश की समस्या बन चुका है। यह घटना अभिभावकों की भूमिका पर भी सवाल उठाती है। आज के समय में माता-पिता बच्चों को मोबाइल फोन तो थमा देते हैं लेकिन यह जानने की कोशिश नहीं करते कि बच्चे किस तरह के कंटेंट से जुड़ रहे हैं। लंबे समय तक स्क्रीन पर रहना, अकेलेपन में गेम खेलना और वास्तविक संवाद की कमी बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को गहराई से प्रभावित कर रही है। कई बार बच्चे अपने डर, असफलता या मानसिक दबाव को माता-पिता से साझा नहीं कर पाते और अंदर ही अंदर टूटते चले जाते हैं।

शिक्षाविदों और मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि नाबालिग बच्चे कल्पना और वास्तविकता के अंतर को पूरी तरह समझ नहीं पाते। जब किसी गेम में उन्हें डराया जाता है, धमकाया जाता है या चुनौती के नाम पर मानसिक दबाव डाला जाता है, तो वे उसे सच मान बैठते हैं। ऐसे में बच्चों में भय, तनाव, अवसाद और आत्मग्लानि की भावना पैदा होती है, जो खतरनाक रूप ले सकती है।

सरकार और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की जिम्मेदारी भी इस मामले में कम नहीं है। ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री पर सख्त निगरानी, उम्र के अनुसार कंटेंट की स्पष्ट श्रेणी, पैरेंटल कंट्रोल और खतरनाक गेम्स पर समय रहते प्रतिबंध अब अनिवार्य हो गया है। केवल चेतावनी जारी करना काफी नहीं बल्कि प्रभावी कानून और उनका सख्त पालन जरूरी है।

गाजियाबाद की यह घटना पूरे समाज के लिए एक आईना है। यह हमें याद दिलाती है कि तकनीक सुविधा है, लेकिन बिना नियंत्रण के वही तकनीक विनाश का कारण बन सकती है। बच्चों के साथ संवाद, उनका विश्वास जीतना, उनकी ऑनलाइन गतिविधियों पर नजर रखना और समय रहते उनकी भावनात्मक स्थिति को समझना आज की सबसे बड़ी जरूरत है।

तीन मासूम बच्चियों की मौत केवल एक खबर नहीं, बल्कि एक चीख है—जो हमसे पूछ रही है कि क्या हम अपने बच्चों को सचमुच सुरक्षित भविष्य दे पा रहे हैं? अगर अब भी समाज, सरकार और अभिभावक नहीं चेते, तो ऐसी त्रासदियां दोहराई जाती रहेंगी।

# ‘काशी में मूर्तियां खंडित होती हैं तो खून खौलता है’

संवाद

## सुप्रिया श्रीनेत का पीएम-सीएम पर हमला, खेड़ा बोले- मोदी को श्राप लग रहा

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी । काशी में रविवार को कांग्रेस की संविधान संवाद रैली हो रही है। इसमें पूरे देश से कांग्रेस के बड़े नेता और कार्यकर्ता पहुंचे हैं। कांग्रेसियों के निशाने पर पीएम मोदी हैं। राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा- पिछले कई महीने से नरेंद्र मोदी पर जो संकट के बादल छाए हैं, वो काशी की देन हैं, मणिकर्णिका की देन हैं। वो उन लाशों की देन है, जो मां गंगा के आंचल में बह रही थीं। मां गंगा के आंसू बह रहे थे, लेकिन मोदी जी को नहीं दिख रहे थे। ये श्राप यहीं से जा रहा। जिसने काशी को धोखा दिया, वो मुझे और आपको क्या छोड़ेगा? जो मां गंगा के नाम से यहां आया, उसने मां गंगा को धोखा दिया। वो मुझे और आपको क्या मानेगा?



वहीं, सुप्रिया श्रीनेत ने कहा- प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री जब यहां मूर्तियां तुड़वाते हैं, तो खून खौल उठता है। काशी एक जीती-जागती सभ्यता है। मुझे उस समय सुखद अनुभूति हुई थी, जब 2024 के चुनाव परिणाम सामने आ रहे थे। राउंड-दर-राउंड नरेंद्र मोदी हार रहे थे। इसके लिए मैं काशी की जनता को धन्यवाद देती हूं। सांसद इमरान मसूद ने कहा- जिस प्रधानमंत्री की जान को खतरा संसद के अंदर हो गया, तो उसको सबसे पहले इस्तीफा देना चाहिए। जब आपके हाथों आपकी जान सुरक्षित नहीं, तो देश कैसे सुरक्षित रहेगा?

रैली में सांसद किशोरी लाल, यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय समेत पार्टी के 20 से अधिक वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। मंच पर नेताओं ने एक-दूसरे का हाथ थामकर एकजुटता का संदेश दिया। वहीं, कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी, सोनिया गांधी और कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए।

रैली के दौरान 15 मिनट की डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाई गई। इसमें बनारस के विकास कार्यों पर सवाल उठाए गए। विकास के नाम पर सनातन विरासत और परंपराओं से खिलवाड़ का आरोप लगाया गया। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद का प्रयागराज में अपमान और काशी के ज्वलंत मुद्दों पर शहर के शास्त्री घाट पर रैली भी निकली।

- कांग्रेस की संविधान संवाद रैली में 15 मिनट की डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई जा रही है।
- इसमें बनारस के विकास कार्यों पर सवाल उठाए गए। कांग्रेस ने विकास के नाम पर सनातन विरासत और परंपराओं से खिलवाड़ का आरोप लगाया।

### इमरान मसूद बोले- आपने वोट डालना बंद किया इसलिए कांग्रेस कमजोर हुई

इमरान मसूद ने कहा- ये देश के संविधान को रौंदना चाहते हैं। ये लड़ाई आर-पार की है। सब लोग तैयार हो जाओ। वोट की जिम्मेदारी सिर्फ कांग्रेस कार्यकर्ता और उसके बीएलओ की नहीं हो सकती। आपके अपने परिवार के वोट की जिम्मेदारी खुद संभालनी होगी। क्योंकि ये वोट के माध्यम से बहुत कुछ आगे करने जा रहे हैं। आपके अधिकारों को रौंदने जा रहे हैं।

आप लोगों से मैं अपील करना चाहता हूं कि बजट को देख लीजिए। उसका अवलोकन कर लीजिए। बजट में क्या दिया इस बार इन्होंने। विकसित भारत का बजट। बुलेट ट्रेन चलेगी। जेब में पैसा नहीं, ट्रेन में बैठेगा कौन?





मंच पर 15 मिनट की डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। इसमें काशी की दुर्दशा को दिखाया गया।

फास्ट न्यूज

### बाराबंकी में कार ऑटो की टक्कर, 8 लोग घायल

बाराबंकी । बाराबंकी जनपद में एक सड़क हादसे में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सतरिख थाना क्षेत्र के हैदरगढ़ रोड पर मंजीठा गांव के पास शुभम कंक्रीट कंस्ट्रक्शन के समीप एक कार और ऑटो की आमने-सामने की टक्कर हो गई।

जानकारी के अनुसार, बाराबंकी से हैदरगढ़ की ओर जा रही एक कार और सामने से आ रहे ऑटो में जोरदार भिड़ंत हो गई।

### रामगढ़ताल में मिली महिला की लाश

गोरखपुर। गोरखपुर के रामगढ़ताल किनारे रविवार को एक 36 साल की महिला की लाश मिली है। राहगीरों ने लाश देखकर रामगढ़ताल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ताल में आधी डूबी बॉडी बाहर निकलवाई। महिला के पास से चूहे मारने की दवा, सल्फास और फिनायल की गोलियां मिली हैं। वहीं सल्फाश की 3 टैबलेट गायब हैं। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि सल्फास खाने के बाद बेचैनी बढ़ने पर महिला रामगढ़ताल के किनारे गई। जहां पर वह मृत हालत में मिली। महिला की पहचान सूबा बाजार की वंदना पांडेय के रूप में हुई है। पुलिस ने परिजनों को कॉल कर लाश पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया।

### फर्रुखाबाद में लड़कों ने ट्रेन रुकवाई, बड़ा हादसा टला

फर्रुखाबाद। फर्रुखाबाद में उत्सर्ग एक्सप्रेस के साथ बड़ा हादसा होने से टल गया। ट्रेन फर्रुखाबाद से छपरा जा रही थी। फतेहगढ़ स्टेशन पहुंचने वाली थी। रास्ते में इलेक्ट्रिक ट्रेनों को 25000 वोल्ट की बिजली सप्लाई करने वाला ओएचई तार टूटकर रेलवे ट्रैक को छूने लगा। चिंगारी निकलने लगी और रेलवे की पटरी में गड्ढे हो गए।

## माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल में ‘रंगमंच’ वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न

तमसा संकेत, संवाददाता



मथुरा। माउंट लिट्रा जी स्कूल में वार्षिक उत्सव ‘रंगमंच’ का भव्य आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ किया गया। इस गरिमामयी समारोह के मुख्य अतिथि प्रदीप माथुर रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन विनोद गर्ग, डायरेक्टर कमल गर्ग एवं चारू गर्ग की विशिष्ट उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। ‘रंगमंच’ शीर्षक के अनुरूप विद्यार्थियों ने भारतीय सभ्यता, संस्कृति एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग प्रस्तुतियाँ दीं। नृत्य, नाट्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी सृजनात्मकता और प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया, जिसे देखकर उपस्थित दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। इस उत्सव में प्री-प्राइमरी के नन्हे-मुन्ने बच्चों से लेकर कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। विद्यार्थियों की प्रभावशाली प्रस्तुतियों की अभिभावकों एवं दर्शकों द्वारा भूरी-भूरी प्रशंसा की गई। कार्यक्रम के मध्य विद्यालय में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में सहभागिता करने वाले अभिभावकों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। साथ ही कक्षा 10वीं एवं 12वीं के उन विद्यार्थियों को भी सम्मान प्रदान किया गया, जिन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक अर्जित कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इसके अतिरिक्त विद्यालय के प्रति समर्पित समस्त अध्यापक वर्ग को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।

### क्लब के गठन की प्रक्रिया को गति देने के उद्देश्य से कार्यसमिति में बदलाव एवं विस्तार की घोषणा

## द प्रेस क्लब के गठन को मिली गति कार्यसमिति के विस्तार की घोषणा

तमसा संकेत, संवाददाता

मेरठ। द प्रेस क्लब की विशेष बैठक मंगल पांडे नगर स्थित प्रेस क्लब भवन में संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार एवं अमर उजाला के पूर्व संपादक नीरज कांत राही ने की तथा संचालन द प्रेस क्लब के संयोजक दिनेश चन्द्रा ने किया। बैठक में मेरठ में प्रेस क्लब के गठन की प्रक्रिया को गति देने के उद्देश्य से कार्यसमिति में बदलाव एवं विस्तार की घोषणा की गई। इस अवसर पर नीरज कांत राही ने कहा कि प्रेस क्लब पत्रकारों की एकजुटता, स्वतंत्रता और गरिमा का प्रतीक होना चाहिए तथा मेरठ में एक मजबूत और सक्रिय प्रेस क्लब की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी, जिसे अब ठोस स्वरूप दिया जा रहा है। द प्रेस क्लब के अध्यक्ष रवि शर्मा



ने कहा कि यह संगठन सभी पत्रकारों का साझा मंच होगा, जिसका उद्देश्य पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा, समस्याओं का समाधान और सकारात्मक पत्रकारिता को बढ़ावा देना है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष शादाब रिजवी ने क्लब को एक जीवंत और प्रभावी मंच बनाने की बात कही, जबकि महामंत्री के.के. शर्मा ने बताया कि आने वाले दिनों में प्रशिक्षण, संवाद और सामाजिक सहभागिता से जुड़े कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे। बैठक में 15 फरवरी 2026 को होटल हारमनी में पत्रकार सम्मेलन तथा 3 मार्च 2026 को प्रेस क्लब भवन में होली मिलन समारोह आयोजित किए जाने की भी घोषणा की गई, साथ ही द प्रेस क्लब की विस्तारित कार्यसमिति की सूची जारी की गई।

द प्रेस क्लब की कार्यसमिति में संरक्षक के रूप में पुष्पेंद्र शर्मा, नीरज कांत राही, सूर्यकांत द्विवेदी, संत राम पांडे, अशोक गोस्वामी एवं इंद्र मोहन आहूजा शामिल हैं। कोषाध्यक्ष मुकेश गोयल, कार्यालय मंत्री विनोद गोस्वामी एवं नरेंद्र शर्मा, प्रचार मंत्री त्रिनाथ मिश्रा तथा प्रवक्ता अरुण सागर होंगे। सदस्यता निर्धारण समिति के अध्यक्ष इंद्र मोहन आहूजा, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुदेश यादव ‘जख्मी’, आयोजन समिति के अध्यक्ष मनमोहन भल्ला तथा वाद निस्तारण समिति के अध्यक्ष पवन शर्मा बनाए गए हैं।

अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी रवि शर्मा के पास है, जबकि वरिष्ठ उपाध्यक्ष शादाब रिजवी हैं। उपाध्यक्ष के रूप में दिनेश दिनकर, ज्ञान प्रकाश और संजीव तोमर नियुक्त किए गए हैं। महामंत्री के.के. शर्मा हैं तथा मंत्री पद पर रामबोल तोमर, राजीव शर्मा, सुधीर चौहान, शाहीन परवीन और विकास दीप त्यागी हैं। संयुक्त मंत्री के रूप में अनिल पुरोहित, संदीप चौधरी, शिव प्रकाश, राजू शर्मा, हेमंत शर्मा और ललित ठाकुर को जिम्मेदारी दी गई है।

### 9 लाख कैश न मिलने पर रिश्ता तोड़ा

प्रयागराज। शादी के कार्ड रिश्तेदारों तक पहुंच चुके थे, हलवाई से लेकर फोटोग्राफर तक की बुकिंग हो चुकी थी। गहने और कपड़े खरीदे जा चुके थे। हर तरफ खुशियां थीं, लेकिन दहेज के लालच ने प्रयागराज के एक परिवार की खुशियों पर नजर लगा दी।

आरोप है कि लड़के वालों ने ऐन वक्त पर 9 लाख कैश की डिमांड कर दी। बेटी के पिता ने इतनी जल्दी इंतजाम करने में असमर्थता जताई तो लड़के पक्ष ने शादी तोड़ दी। पिता समेत पूरा परिवार सदमे में है, लेकिन उन्होंने बेटी को इंसाफ दिलाने की भी जिद ठान ली है। उन्होंने लड़के पक्ष के खिलाफ FIR दर्ज करा दी है। पिता ने कहा- लड़के वालों ने बेटी को बदनाम करने की धमकी दी है।

मामला प्रयागराज के कैंट इलाके में रहने वाले एक परिवार से संबंधित है। यहां रहने वाली 25 वर्षीय युवती की शादी सचिन कुमार निवासी बर्रा, जरौली, पानी की टंकी फेस-1, कानपुर नगर के साथ तय हुई थी।

### घने कोहरे के कारण हुआ हादसा, जिला अस्पताल में घायलों का जारी उपचार

## लखीमपुर में ऑटो पलटने से 3 की मौत, चार घायल

हादसा

तमसा संकेत, एजेंसी

लखीमपुर-खीरी । लखीमपुर खीरी के धौरहरा में बीती रात 1.30 घने कोहरे की वजह से हुए सड़क हादसे में तीन की मौत हो गयी है, वही चार घायल है। यह हादसा सीएनजी ऑटो के अनियंत्रित होकर पुल से नीचे खाई में गिरने से हुआ है। घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

हादसा लखीमपुर-बहराइच लिंक हाईवे पीबी मार्ग पर धौरहरा से रसूलपुर जाने वाले रास्ते पर



माझावा गांव के पास बॉयलर क्रशर के निकट हुआ। बताया जा रहा है कि ऑटो में सवार सभी लोग उच्च गांव के निवासी थे और धौरहरा कस्बे में आयोजित एक पारिवारिक समारोह से लौट रहे थे। पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रात करीब एक बजे घने कोहरे के कारण दृश्यता बेहद कम थी। संकरी पुलिया पर तीव्र मोड़ आने से चालक इजरायल वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। ऑटो पुल की रेलिंग तोड़ते हुए नीचे जा गिरा। हादसे में 12 वर्षीय तालिबान, 5 वर्षीय खुशबू और 2 वर्षीय अजरा की मौके पर ही मौत हो गई थी। गंभीर रूप से घायल चालक इजरायल ने रविवार दोपहर जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जिससे मृतकों की संख्या चार हो गई।

घटना में घायल किस्मत, साकिया जज़्जिया, निदा और अकिल का उपचार जारी है और उनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू कराया। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। धौरहरा कोतवाली प्रभारी रविंद्र सोनकर ने चालक की मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### शादी के पहले कॉन्स्टेबल दुल्हन किडनैप

मेरठ। मेरठ में शादी के कुछ घंटे पहले हिस्ट्रीशीटर ने महिला कॉन्स्टेबल को किडनैप कर लिया। रविवार शाम को बारात आनी थी। सुबह लड़की लापता हो गई। वहीं पुलिस का दावा है कि लड़की अपनी मर्जी से गई है।

कॉन्स्टेबल के पिता ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस 4 टीमें गठित करके बरामदी के लिए लगाई गईं। पुलिस ने कॉन्स्टेबल और आरोपी अंकित के मोबाइल की कॉल डिटेल्स निकाली। इसमें दोनों की बातचीत के सबूत मिले हैं। पुलिस ने महिला कॉन्स्टेबल को करीब 8 घंटे में ही बरामद कर लिया। रविवार शाम पुलिस उसे मवाना थाने लेकर पहुंची। यहां एसपी देहात ने उससे पूछताछ की। हालांकि, अभी ये स्पष्ट नहीं हो सका है कि महिला कॉन्स्टेबल को कहां से बरामद किया गया है। आरोपी हिस्ट्रीशीटर कहां है? एसपी देहात अभिजीत कुमार ने बताया- कल सोमवार को महिला का मेडिकल कराया जाएगा।

### रूसी सांस्कृतिक केंद्र में विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं नवाचार दिवस का हुआ आयोजन

कार्यक्रम

तमसा संकेत, संवाददाता



मेरठ। रूसी सांस्कृतिक केंद्र (रशियन हाउस), नई दिल्ली में विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज, गाजियाबाद के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। आयोजन का उद्देश्य भारत और रूस के बीच विज्ञान, तकनीक एवं नवाचार के क्षेत्र में सहयोग को सुदृढ़ करना रहा।

इंडियन–रशियन कंपैट्रियट्स सोसाइटी की अध्यक्ष एलेना बर्मन ने छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि यह युग तकनीकी साझेदारी का है और इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने भारत–रूस एआई सहयोग को दोनों देशों के लिए लाभकारी बताया। इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज के वाइस प्रेसिडेंट (इंटरनेशनल रिलेशंस) विभूति शंकर ने बताया कि रूसी विश्वविद्यालयों के साथ शैक्षणिक एवं अनुसंधान सहयोग स्थापित किया गया है। वहीं, प्रो. कुमुद कुंडू ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर व्याख्यान देते हुए कन्वर्सेशनल एआई को भविष्य की दिशा बताया।

कार्यक्रम में छात्रों द्वारा विकसित एआई आधारित प्रोटोटाइप्स को सराहा गया। समापन पर वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल ने भारत–रूस मैत्री को सॉफ्ट डिप्लोमेसी का मजबूत आधार बताया।

### आदेश : सपा विधायक नसीम बोलीं- एसआईआर फॉर्म चेक न कराएं, वोट काटने की प्लानिंग चल रही

## ‘कानपुर में घर-घर घूम रहे फर्जी बीएलओ’

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर । कानपुर में सपा विधायक नसीम सोलंकी ने कहा कि शहर में फर्जी BLO घूम रहे हैं। ये लोग SIR का नया फॉर्म जांचने के नाम पर लिस्ट से नाम कटवाने में जुटे हैं। मैं सीसामऊ की जनता से अपील करना चाहती हूं कि ऐसे लोगों के बहकावे में आने या डरने की जरूरत नहीं। क्योंकि, चुनाव आयोग ने ऐसा कोई आदेश जारी नहीं किया है। नसीम ने पति इरफान सोलंकी के साथ अपील करते हुए एक वीडियो भी जारी किया है। इसमें दोनों कह रहे कि आपको इस बारे में कोई दिक्कत होती है तो तुरंत हमको फोन करके इसकी सूचना दें। वहीं, इस मामले को लेकर विधायक और सपा नेताओं ने चुनाव आयोग और जिला प्रशासन से शिकायत की है। इरफान सोलंकी ने कहा कि जो भी लोग इस तरह के फार्म लेकर आ रहे हैं, वे पूरी तरह से फर्जी हैं। ये लोगों को गुमराह कर रहे हैं। जनता से अपील है कि अगर ऐसे लोग कहीं भी आते हैं तो तुरंत इसकी सूचना उन्हें दें। साथ ही प्रशासन और पुलिस को भी जानकारी दें, ताकि ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जा सके और उन्हें सजा मिल सके। साथ ही अगर कोई भी व्यक्ति आपके घर आए तो उसका वीडियो जरूर बनाएं। विधायक नसीम और उनके पति इरफान सोलंकी ने इस मामले को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस से भी अपील की। कहा- अगर ऐसे लोगों की कहीं से भी सूचना मिले तो उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए।



### पुलिस पहुंचने से पहले गायब हुए फर्जी लोग

सूचना के बाद तत्काल पुलिस मौके पर भेजी गई। लेकिन तब तक खुद को बीएलओ बता रहे लोग वहां से जा चुके थे। दरअसल, इसके पीछे कुछ ऐसे लोग हैं, जो वोट काटने का काम कर रहे हैं। नाम सुधार के बाद किसी भी प्रकार की रि-चेकिंग का कोई आदेश नहीं आया है।

### इरफान सोलंकी बोले- री-चेकिंग का आदेश नहीं

सीसामऊ सीट से पूर्व विधायक इरफान सोलंकी ने कहा- शुक्रवार को मेरे पास फोन पर शिकायत आई थी। पता चला कि कुछ लोग नए नाम जोड़ने के नाम पर दोबारा फार्म चेकिंग करने की बात कह रहे हैं। लोगों से बोल रहे कि हम चुनाव आयोग की तरफ से आए हैं। यह जानकारी मिलते ही उन्होंने थानेदार को इसकी सूचना दी। क्योंकि 1 जनवरी 2026 तक जो भी फॉर्म भरे जा चुके हैं। इसे लेकर जिला प्रशासन या चुनाव आयोग की ओर से ऐसी कोई भी ऐसी जानकारी जारी नहीं दी गई है।



### आईएमएस गाजियाबाद की टीम रही विजेता

## एआईएमए के 29वें स्टूडेंट मैनेजमेंट गेम्स सम्पन

समारोह

तमसा संकेत, संवाददाता

मेरठ। एमआईईटी बिजनेस स्कूल, मेरठ में ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन (एआईएमए) के तत्वावधान में आयोजित 29वें स्टूडेंट मैनेजमेंट गेम्स का शनिवार को भव्य समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। तीन दिवसीय इस राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में विभिन्न प्रबंधन संस्थानों की 40 टीमों के 160 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

समापन समारोह में मेरठ मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष एस. पी. सिंह एवं मेरठ सांसद प्रतिनिधि अशोक अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में आईएमएस गाजियाबाद की टीम अभिलाष कुमार, अनुराग गुप्ता, राहुल मयूर एवं रत्नेश सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।




द्वितीय स्थान एमआईईटी बिजनेस स्कूल की टीम हर्ष वर्मा, दिविज, अक्षत भटनागर एवं इल्मा परवीन को मिला, जबकि तृतीय स्थान एमआईईटी की टीम आयुष भारद्वाज, आराध्या अग्रवाल, आकांक्षा भारद्वाज एवं अंशिका तोमर ने हासिल किया।

सभी विजेता टीमों के साथ-साथ तीन अन्य टीमों ने भी राज्य स्तरीय एआईएमए स्टूडेंट मैनेजमेंट गेम्स के लिए क्वालीफाई किया। समापन समारोह में अतिथियों द्वारा विजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन के प्रदीप कुमार, एमआईईटी बिजनेस स्कूल की विभागाध्यक्ष डॉ. मधु बाला शर्मा, डॉ. प्रियंका डालमिया, डॉ. वैशाली गोयल, साक्षी गुप्ता, राजनेश कुमार एवं अजय चौधरी उपस्थित रहे।

### मार्केट से 1 किलोमीटर दूर छोड़ीं गाड़ियां, 33 करोड़ का माल पकड़ा, अफसरों ने पूरी प्लानिंग की

# संभल में सोना पकड़ने ई-रिक्शा से पहुंचे थे जीएसटी अफसर

**छापेमारी**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

संभल । संभल में 4 फरवरी को GST अफसरों ने ज्वेलर के यहां छापा मारकर 33 करोड़ का सोना-चांदी और डायमंड जब्त किया। इस छापेमारी को अंजाम देने के लिए अफसरों ने पूरी प्लानिंग की। मार्केट में किसी को छापेमारी की भनक न लगे, इसलिए अफसरों ने अपनी गाड़ियां दुकान से करीब एक किलोमीटर पहले ही छोड़ दीं।

इसके बाद 2 टीमों में बंटकर अफसर दो ई-रिक्शे पर बैठकर



हिमांशु अग्रवाल, ज्वेलर

मार्केट पहुंचे। कस्टमर बनकर मोंटू ज्वैलर की शॉप में एंट्री की। उसके बाद छानबीन शुरू की। 2 घंटे तक न कोई दुकान से बाहर आया, न अंदर गया। 2 घंटे बाद जब टीम की 4 गाड़ियां और पुलिस फोर्स ज्वैलरी शॉप पर पहुंची, तब छापेमारी की खबर फैली। बता दें,

चंदौसी के महाजन बिसौली गेट में रहने वाले हिमांशु अग्रवाल के मोंटू ज्वेलर्स पर जीएसटी विभाग ने 21 घंटे तक छापेमारी की। इसमें 33 करोड़ का सोना, चांदी और हीरे बरामद किए गए। जिसका हिसाब करोबारी नहीं सके।

### 300 करोड़ का सामान होने की मिली थी सूचना

सूत्रों के अनुसार, GST विभाग को ज्वेलर के पास 300 करोड़ रुपए से अधिक की सोने-चांदी की ज्वेलरी होने की जानकारी मिली थी। हालांकि, पूरी रात चली कार्रवाई के बाद विभाग केवल 33 करोड़ रुपए की ज्वेलरी ही बरामद कर सका। बताया जाता है कि हिमांशु अग्रवाल प्रॉपर्टी कारोबार में भी निवेश करते हैं। उनके पास करोड़ों की जमीनें हैं। उनका कारोबार काफी समय से बाजार और पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ था। वह थोक का काम करते थे। छोटे दुकानदार उन्हीं से सोने-चांदी की ज्वेलरी लेते थे।



### जीएसटी टीम ने एक महीने तक रेकी की

मुरादाबाद के GST विभाग के एक अफसर ने बताया- हमारी टीम ने शहर के नामी ज्वेलर हिमांशु अग्रवाल की मोंटू ज्वेलर्स शॉप की एक महीने तक रेकी की। पुख्ता जानकारी के बाद 4 फरवरी को 10 अधिकारी चंदौसी पहुंचे। उन्होंने अपनी 4 गाड़ियां शहर के बाहर छोड़ दीं। फिर दोपहर 1 बजे ई-रिक्शा से सर्राफा बाजार पहुंचे। 21 घंटे चली इस कार्रवाई में 16 किलो 638 ग्राम सोना, 875 किलो चांदी की ज्वेलरी और 34.43 कैरेट हीरे बरामद किए गए। ये ज्वेलरी स्टॉक रजिस्टर में दर्ज नहीं थी। स्टॉक रजिस्टर में केवल 439 ग्राम सोना और 120 किलोग्राम चांदी की ज्वेलरी का हिसाब मिला। बरामद ज्वेलरी का मूल्य करीब 33 करोड़ रुपए आंका गया।

# कारोबारी के बेटे ने लेम्बोर्गिनी से 6 को उड़ाया

## कानपुर में बुलेट सवार 10 फीट दूर गिरा

**तमसा संकेत, एजेंसी**

कानपुर। कानपुर में तंबाकू कारोबारी के बेटे ने लेम्बोर्गिनी कार से 6 से अधिक लोगों को टक्कर मार दी। एक बुलेट सवार को टक्कर मारी तो वह हवा में उछलकर 10 फीट दूर जा गिरा। इसके बाद लेम्बोर्गिनी बुलेट के ऊपर ही चढ़ गई। हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने कार को घेर लिया। भीड़ को देखकर कारोबारी का बेटा कार के अंदर ही दुबक गया। उसके बाउंसरों ने लोगों के साथ हंगामा किया। धक्का देकर लोगों को भगाने का प्रयास किया। इसी बीच पुलिस मौके पर पहुंची और कार को थाने ले आई।

थाने में भी पीड़ितों से कारोबारी के बाउंसरों ने अभद्रता की। इसके बाद लोगों ने थाने में जमकर हंगामा किया। वहीं, कारोबारी के बेटे और अन्य घायलों को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला



ग्वाल टोली थाना क्षेत्र का है।

केके मिश्रा तंबाकू कारोबारी हैं। दोपहर करीब 3.15 बजे उनका बेटा शिवम मिश्रा VIP रोड पर अपनी लेम्बोर्गिनी कार से तेज रफ्तार जा रहा था। रेव-3 के पास कार बेकाबू हो गई। कार ने सड़क किनारे खड़े वाहन चालकों समेत 6 से अधिक लोगों को टक्कर मार दी।

एक बुलेट सवार को इतनी तेज टक्कर मारी कि वह सड़क पर उछलकर जा गिरा। इसके बाद कार बुलेट के आगे वाले पहिए पर चढ़ गई। इसका पता चलते ही ग्वालटोली पुलिस मौके पर पहुंची।

**फास्ट न्यूज़**

### कानपुर में सांड ने बुजुर्ग को पटककर मार डाला

कानपुर। कानपुर में सांड के हमले में बुजुर्ग की मौत हो गई। वह सब्जी लेने के लिए बाजार गए थे लौटते समय सांड ने दौड़ाकर सड़क पर पटक दिया। इस दौरान मौजूद लोगों ने पानी व पत्थर फेंककर किसी तरह सांड को भगाया, लेकिन तब तक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो चुके थे। अस्पताल में इलाज के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई। पूरा मामला शनिवार को किदवई नगर क्षेत्र का है।

### फर्जी जीएसटी गिरोह का खुलासा

कानपुर । कानपुर की क्राइमब्रांच ने फर्जी जीएसटी गिरोह का बड़ा खुलासा किया है। यह गिरोह जाली दस्तावेजों के आधार पर फर्जी और अस्तित्वहीन फर्में बनाकर जीएसटी रजिस्ट्रेशन नंबर हासिल कर लेता था। इसके बाद बगैर किसी माल की खरीद-फरोख्त किए फर्जी टैक्स इनवॉइस व ई-वे बिल बनाकर इनपुट टैक्स क्रेडिट (ITC) का दुर्पयोग कर सरकारी राजस्व को करोड़ों का नुकसान पहुंचा रहे थे। पुलिस ने इंटरनेट के आईपी नंबर के आधार पर शातिर व गिरोह का सरगना सीए व उसके एक साथी को अरेस्ट कर लिया है।

### कोडीन कफ सिरप माफिया शुभम की टीम के 5 गिरफ्तार

वाराणसी। वाराणसी पुलिस लगातार कोडीन कफ सिरप मामले में संलिप्त अभियुक्तों को गिरफ्तार कर रही है। इसी क्रम में कोतवाली थाने में दर्ज मुकदमें में वांछित 25 हजार के इनामिया तीन आरोपियों सहित पांच को वाराणसी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए पांचों आरोपी शुभम जायसवाल की कोर टीम थे।

# सीएम योगी आदित्यनाथ का सिरौली गौसपुर दौरा

## दुल्हादेपुर कुटी पर कार्यक्रम की तैयारियां तेज

**तमसा संकेत, एजेंसी**



सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर सिरौली गौसपुर तहसील क्षेत्र के दुल्हादेपुर कुटी पर तैयारियां तेज हो गई हैं। प्रशासन और आयोजक मिलकर कार्यक्रम स्थल को अंतिम रूप दे रहे हैं।

यहां श्री हनुमंत विराट महायज्ञ एवं रामाचार्य पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 10 फरवरी को इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। जनसभा स्थल के साथ ही धार्मिक आयोजन स्थल को भव्य तरीके से सजाया जा रहा है।

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट-उप जिलाधिकारी तेजस के ने अधिकारियों के साथ पार्किंग स्थल और कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। तैयारियों को तेजी से पूरा किया जा रहा है। कुटी पर यज्ञशाला को भव्य रूप दिया जा रहा है, जिसकी रंगाई-पुताई का कार्य भी युद्धस्तर पर जारी है। इसके अतिरिक्त, अधिकारियों द्वारा पार्किंग और टेंट लगाने सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।


कार्यक्रम के आयोजक बाबा बलराम दास ने बताया कि 10 फरवरी को मुख्यमंत्री 12 बजे आ जाएंगे उन्होंने लोगों से अपील किया कि सुबह 10 तक कार्यक्रम स्थल पर अवश्य पहुंच जाए जिससे मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया जा सके।

### मंदिर के आस-पास जनसुविधाओं के विकास से बढ़ेगा पर्यटन एवं होगा अधिकाधिक रोजगार का सृजन

# जनसुविधाओं के विकास हेतु 2 रजिस्ट्री हुई संपन्न

**तमसा संकेत, संवाददाता**

मथुरा । अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ0 पंकज कुमार वर्मा की उपस्थिति में श्री बांके बिहारी जी मंदिर के आस-पास जनसुविधाओं के विकास/ निर्माण परियोजना के अंतर्गत दो और रजिस्ट्री की प्रक्रिया संपन्न हुई है।अभी तक कुल 6 रजिस्ट्री हो चुकी है तथा 20 से अधिक और रजिस्ट्री तैयारी की जा चुकी है, जो सोमवार से लगातार की जाएंगी। सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के क्रम में गठित ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर हाई पावर्ड मैनेजमेंट कमेटी के निर्देशों के क्रम में लगातार रजिस्ट्री कराई जा रही है। जनसुविधाओं के विकास क्षेत्र में



आने वाले निवासियों को पर्याप्त धनराशि दी जा रही है, दुकान के बदले दुकान दी जा रही है, मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण द्वारा सुनरख एवं रुकमणि विहार में फ्लैट दिए जा रहे है। उक्त सभी सुविधाओं के दृष्टिगत भूसंपत्ति स्वामी अपनी रजिस्ट्री के लिए निरंतर आगे आ रहे है। आगामी एक माह के अंदर लगभग आधी से अधिक रजिस्ट्री प्रस्तावित है। अभी तक लगभग 800 वर्ग मीटर की रजिस्ट्री की जा चुकी है।शनिवार को लगभग 200 वर्ग मीटर की रजिस्ट्री हुई है, जिसमें से लगभग 150 वर्ग मीटर की रजिस्ट्री

**श्रद्धालुओं को सुदृढ़ व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने हेतु ठाकुर श्री बांके बिहारी जी मंदिर हाई पावर्ड मैनेजमेंट कमेटी कटिबद्ध**

### हाई पावर्ड मैनेजमेंट कमेटी में ये भी शामिल

समिति में मा० न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) मा० उच्च न्यायालय इलाहाबाद/ अध्यक्ष अशोक कुमार , मा० जिला एवं सत्र न्यायाधीश (सेवानिवृत्त)/ सदस्य मुकेश मिश्रा , मा० जिला एवं सत्र न्यायाधीश मथुरा/ सदस्य विकास कुमार , मुंसिफ / सिविल जज मथुरा/ सदस्य शिप्रा दुबे , जिला मजिस्ट्रेट / कलेक्टर / सदस्य सचिव चन्द्र प्रकाश सिंह , सदस्य/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार , नगर आयुक्त मथुरा- वृन्दावन नगर निगम/ सदस्य जग प्रवेश , सदस्य/ उपाध्यक्ष मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण लक्ष्मी एन , सदस्य/ अधीक्षण पुरातत्वविद् भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण आगरा डॉ० स्मिता एस० कुमार , गोस्वामी राजभोग समूह से शैलेन्द्र गोस्वामी पुत्र ब्रजनाथ गोस्वामी एवं श्रीवर्धन गोस्वामी पुत्र जुगल किशोर गोस्वामी, गोस्वामी शयन भोग समूह से दिनेश कुमार गोस्वामी पुत्र बिहारीलाल गोस्वामी एवं विजय कृष्ण गोस्वामी (बब्बू) पुत्र श्री बाल कृष्ण गोस्वामी शामिल है।

रवींद्र कुमार शर्मा ने की है। जनसुविधाओं का विकास ब्रज क्षेत्र के धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन क्षेत्र की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। सरकार श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगम दर्शन को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। मंदिर के आस-पास जनसुविधाओं के विकास/निर्माण हेतु भूमि क्रय की समस्त कार्यवाही पूर्ण पारदर्शिता एवं विधिक प्रक्रिया के अनुरूप की जा रही है। परियोजना को समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने के लिए प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।"

सभी रजिस्ट्रियां श्री बांके बिहारी जी मंदिर के आस-पास जनसुविधाओं के विकास के क्रियान्वयन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिससे भविष्य में श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

### इंस्पेक्टर को शहीद के दर्जे के साथ 1 करोड़ मुआवजा, घायलों को 1 लाख मिलेंगे

# फरीदाबाद सूरजकुंड मेला हादसा 2 लोग गिरफ्तार

**तमसा संकेत, एजेंसी**

फरीदाबाद। हरियाणा के फरीदाबाद में चल रहे सूरजकुंड मेले में शनिवार को सुनामी झूला गिर गया। हादसे में पलवल जिले के चांदहट थाने के SHO जगदीश प्रसाद की मौत हो गई, जबकि 12 लोग घायल हो गए। घायलों का निजी और बादशाह खान सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सूरजकुंड थाना पुलिस ने इस मामले में हिमाचल फन फेयर कंपनी के मालिक मोहम्मद शाकिर समेत अन्य पर गैर इरादतन हत्या समेत अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। मोहम्मद शाकिर (सिरमौर, हिमाचल) और नितेश



(मेरठ, उत्तर प्रदेश) को गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल झूला परिसर को बंद करा दिया गया है।

रविवार को बादशाह खान सिविल अस्पताल में मृतक इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद के शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। उन्हें शहीद का दर्जा मिलेगा। DC अजय सिंघल ने बताया कि उनके परिवार को एक करोड़ रुपए का मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी भी दी जाएगी। सूरजकुंड मेले में दुकानदार और चश्मदीद राघव ने बताया कि शनिवार का दिन होने के कारण मेले का झूला परिसर पूरी तरह से बच्चों और लोगों से भरा हुआ था। वे कस्टमर अटेंड कर रहे थे।

### एडीसी की अध्यक्षता में एसआईटी बनी

शनिवार को हादसे के बाद देर रात पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा घटनास्थल पर पहुंचे। यहां निरीक्षण करने के बाद उन्होंने अस्पताल में घायलों का हाल जाना। फरीदाबाद पुलिस कमिश्नर सत्येंद्र गुप्ता ने जांच के लिए ACP वरुण दहिया की अध्यक्षता में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (SIT) बनाई गई है। SIT में NIT क्राइम ब्रांच के इंचार्ज सब इंस्पेक्टर शीशपाल और सूरजकुंड थाने से सब इंस्पेक्टर संजय शामिल हैं।



**वहीं, सीएम नायब सैनी ने घायलों को 1-1 लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त एक्शन लेने के निर्देश दिए हैं।**

### जगदीश मथुरा के रहने वाले, 31 मार्च को रिटायरमेंट

जगदीश प्रसाद मूल रूप से यूपी के मथुरा के गांव डेगर के रहने वाले थे। 1889 में हरियाणा पुलिस में सिपाही भर्ती हुए और इसी साल 31 मार्च को उनकी रिटायरमेंट थी। नवंबर 2025 में उनको चांदहट में थाना इंचार्ज बनाया गया था। उनके 1 बेटर और 2 बेटी है। जगदीश प्रसाद के परिजनों ने मेला प्रबंधकों पर लापरवाही बरतने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि जगदीश प्रसाद पहले मधुबन पुलिस लाइन में तैनात थे और प्रमोशन होकर पलवल में SHO के पद पर आए थे। उनकी डियूटी सूरजकुंड मेले में लगी हुई थी। सूरजकुंड मेले में कुछ वर्ष पहले भी इस तरह का हादसा हुआ था और मेले में झूले प्रतिबंध कर दिए थे, लेकिन बीते कुछ वर्षों में मेला प्राधिकरण द्वारा फिर से झूले शुरू कर दिए गए है, जिसके चलते फिर से हादसा हुआ।

# भारत में न कोई मिया खतरे में न बीबी : नकवी

**तमसा संकेत, एजेंसी**

सहारनपुर। 'हमारे देश में न कोई मिया खतरे में है, न कोई बीवी। किसी को कंफ्यूजन की जरूरत नहीं। हमारे देश की धर्म निरपेक्षता इसलिए सुरक्षित है क्योंकि जो बहुसंख्यक है, वह हिंदू समाज है। इस समाज ने पंथ निरपेक्षता का रास्ता चुना। जिन देशों ने इस्लामिक राष्ट्र का झंडा फहराया वो आज जल्लादी जुल्म और जुर्म के जानवर बने हैं। इन दहशतगर्द दरिंदों का कुनबा इंसानियत और मानवता का दुश्मन है। इसके उलट हमारा देश तरक्की के रास्ते पर है। देश का हर हिस्सा इसका हिस्सेदार और भागीदार है।' यह बात वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने सहारनपुर के देवबंद में कही। दरअसल, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा था कि SIR के दौरान 4 से 5 लाख 'मिया' वोटरों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए जाएंगे। भाजपा



**सहारनपुर में कहा- दारुल उलूम दहशतगर्दी की नहीं, देशभक्ति की शिक्षा दे**

मियाओं के खिलाफ है।

नकवी रविवार को भाजपा की ओर से हुए अल्पसंख्यक स्नेह संवाद में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे थे। उन्होंने दारुल उलूम की जगह दारुल उसूल की जरूरत पर जोर दिया। कहा कि एक समय यह बहुत अच्छा था। अब जो हो रहा, वह बहुत अफसोस की बात की है। इस तरह के संस्थान में दहशतगर्दी की दीक्षा नहीं, देशभक्ति की शिक्षा देनी चाहिए।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### आतंकवाद पर कोई ...

पीएम मोदी ने प्रेस ब्रीफिंग के दौरान तमिल भाषा की अहमियत पर भी जोर दिया। उन्होंने बताया कि तमिल भाषा के प्रति साझा प्रेम भारत और मलेशिया को जोड़ता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मलेशिया की अपनी दो दिवसीय यात्रा समाप्त करने के बाद कुआलालंपुर हवाई अड्डे से रवाना हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक जुड़ाव पर जोर दिया और तमिल भाषा और तमिल सिनेमा को लोगों के बीच भावनात्मक निकटता बढ़ाने का जरिया बताया। उन्होंने कहा कि यह समझौता फिल्म और संगीत के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देगा, जिससे भारत-मलेशिया के संबंध और अधिक गहरे होंगे। मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने कहा, 'मैं इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करना चाहता हूं। उन्होंने पूरी दुनिया में शांति प्रयासों के लिए जो प्रतिबद्धता दिखाई है, वह सराहनीय है। चाहे वह यूक्रेन-रूस संघर्ष हो या मध्य पूर्व का मामला, खासकर गाजा में।'

उन्होंने आगे कहा, 'भारत सरकार ने साबाह राज्य के कोटा किनाबालू में भारत का वाणिज्य दूतावास (कॉन्सुलेट) खोलने का निर्णय लिया है। मैंने इस निर्णय का पूरा समर्थन किया है।'

### यूपी : विधानसभा ...

विधानसभा चर्चा और परिचर्चा का मंच है, शोर-शराबे का नहीं। सहमति और असहमति लोकतंत्र का अभिन्न अंग हैं। शोर-शराबे से न तो सरकार की बात सामने आती है और न ही विपक्ष की।विधान भवन में आयोजित सर्वदलीय बैठक में सभी दलीय नेताओं ने विधान सभा अध्यक्ष को सदन संचालन में सहयोग देने का आश्वासन दिया।बैठक में विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि यह देश की सबसे बड़ी विधान सभा है। स्वाभाविक रूप से उत्तर प्रदेश विधान सभा की कार्यवाही पूरे देश के विधान मंडलों के लिए एक मानक एवं आदर्श प्रस्तुत करती है। श्री महाना ने कहा कि सभी सदस्यों को अपनी बात रखने का पर्याप्त अवसर दिया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर देर शाम तक सदन की कार्यवाही संचालित की जाएगी, ताकि प्रत्येक सदस्य को अपनी बात रखने का अवसर मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि यदि पूर्व के इतिहास पर दृष्टि डाली जाए तो विगत चार वर्षों में इस विधानसभा में सर्वाधिक चर्चा हुई है। विधान सभा अध्यक्ष ने सभी दलों के नेताओं से अनुरोध किया कि वे अपने-अपने पक्ष को सदन में शालीनता एवं संसदीय मर्यादा के अंतर्गत रखें और प्रेमपूर्ण वातावरण में बहस करें। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि जिस प्रकार पूर्व के सत्रों में सभी का सहयोग प्राप्त हुआ है, उसी प्रकार इस सत्र में भी सहयोग की आशा है। इससे पूर्व माननीय विधान सभा अध्यक्ष श्री सतीश महाना जी की अध्यक्षता में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसमें महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। इस बैठक में संसदीय कार्य मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना के अतिरिक्त समिति के सदस्य श्री जयवीर सिंह, श्रीमती बेबी रानी मौर्य, श्री सुशील कुमार शाक्य, श्री जयप्रताप सिंह, श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह, श्री पंकज सिंह, श्री रविदास मेहरोत्रा, डॉ. संग्राम यादव, श्री आशु मलिक तथा विशेष आमंत्रित सदस्य श्री रामनिवास वर्मा, श्री राजपाल सिंह बालियान, श्री रमेश, श्री ओमप्रकाश राजभर और श्रीमती आराधना मिश्रा 'मोना' शामिल हुए।इस अवसर पर उत्तर प्रदेश विधान सभा के प्रमुख सचिव श्री प्रदीप कुमार दुबे सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### सदन में शांतिपूर्ण ...

और सदन की कार्यवाही को सुव्यवस्थित ढंग से चलाने में हर प्रकार का सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### कोटा में जिस...

हादसे के बाद प्रशासन ने तय किया कि कोटा शहर में मौजूद सभी खंडहर, जर्जर और निर्माणाधीन इमारतों का सर्वे कराया जाएगा। दो से तीन दिन के भीतर यह सर्वे पूरा किया जाएगा।

बिल्डिंग हादसे को लेकर लोगों में नाराजगी है। पार्षद योगेश आहलूवालिया ने बताया - हादसा पूरी तरह से निगम की लापरवाही, बिल्डिंग मालिक की लापरवाही की वजह से हुआ।

जो रेस्टोरेंट ढहा है और इसके पास वाले मुरादाबादी रेस्टोरेंट को 2 महीने पहले भी बंद करवाया गया था, लेकिन फिर से इन लोगों ने यहां पर काम शुरू कर दिया। इसके बाद न तो निगम ने कभी यहां आकर देखा न कोई जांच की।

धमाके साथ ढही दिल्ली रेस्टोरेंट की बिल्डिंग में 10 से ज्यादा लोग दब गए थे। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान हालात यह थे कि मलबे में दबे लोग चीख रहे थे, हमें बचा लो। किसी का हाथ बाहर दिख रहा था तो किसी का पैर।

SDRF की टीम रात करीब 3 बजे तक मलबे में दबे लोगों को निकालने में जुटी रही। रेस्क्यू के दौरान बचाव दल का एक कर्मचारी भी घायल हो गया।

वहीं, हादसे में पश्चिम बंगाल के रहने वाले एक कोचिंग स्टूडेंट अनारन्य कर्माकर (20) और एक बैलून बेचने वाले नाबालिग की मौत हो गई।

दुर्घटनाग्रस्त हुई बिल्डिंग के आसपास पांच इमारतों को असुरक्षित मानते हुए नगर निगम ने रविवार को नोटिस जारी किया है। नगर निगम ने दो दिन में अवैध निर्माण हटाने के आदेश दिए हैं। इसके अलावा संभागीय आयुक्त के निर्देशों के बाद रविवार को शहर में विभिन्न स्थानों पर जेसीबी, पोकलेन और अन्य बड़ी मशीनों से पहले बनी इमारतों को तोड़ने और बेसमेंट बनाने का काम निगम की टीमों ने रुकवा दिया है।

### गौरव गोगोई का...

एक पाकिस्तानी फर्म ने गौरव की पत्नी को नौकरी दी, फिर उन्हें भारत ट्रांसफर कर दिया। एलिजाबेथ भारत से जुड़ी कई जानकारियां इकट्ठा करती थीं और पाकिस्तानी नागरिक अली शेख को रिपोर्ट देती थीं। अली तौकीर शेख एलिजाबेथ को इस काम के लिए सैलरी देता था।

CM सरमा ने कैबिनेट के फैसले के बाद कहा था कि पाकिस्तानी नागरिक अली तौकीर शेख और ब्रिटिश नागरिक एलिजाबेथ कोलबर्न गोगोई से जुड़ी भारत विरोधी साजिश की जांच केंद्रीय एजेंसियों को सौंप दी जाएगी।

सरमा ने कहा कि SIT जांच ऐसे मोड़ पर पहुंच गई है, जहां केंद्र सरकार की मदद के बिना आगे बढ़ना संभव नहीं है, क्योंकि इंटरपोल से मदद, भारत सरकार और संसद से संवेदनशील जानकारी की जरूरत है।

### फॉर्म 7 में फर्जी ...

उन्होंने बताया कि भाजपा ने बिहार में भी एसआईआर की गड़बड़ियों से चुनाव जीतने की कोशिश की थी। पश्चिम बंगाल में भी वही रणनीति अपनाई जा रही है।

अखिलेश यादव ने फॉर्म 7 में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़े की बात कही और कहा कि चुनाव आयोग को तुरंत यह प्रक्रिया बंद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब एसआईआर और मैपिंग के जरिए पूरी एक्सरसाइज हो चुकी है, तो फार्म 7 भरवाना अनावश्यक और संवैधानिक नियमों के खिलाफ है।

उन्होंने कहा, चुनाव आयोग का काम सिस्टम को मजबूत करना है। सिस्टम जितना मजबूत होगा, लोकतंत्र उतना ही मजबूत होगा। इसे कमजोर करना लोकतंत्र के लिए खतरा है।

उन्होंने कहा कि गलत काम करने पर कार्रवाई बीएलओ के खिलाफ ही होती है, जबकि बड़े अधिकारी अपने पद का लाभ लेकर बच निकलते हैं। इसके बावजूद भी बीएलओ लोकतंत्र की रक्षा के लिए सक्रिय हैं।

### कर्नाटक में प्राइवेट ...

मल्होत्रा रेडबर्ड एविएशन में असिस्टेंट फ्लाइट इंस्ट्रक्टर (AFI) हैं। वहीं, ट्रेनी पायलट की पहचान गौतम शंकर पीआर के रूप में हुई है।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि रेडबर्ड फ्लाइंग ट्रेनिंग एकेडमी लिमिटेड का सेसना 172 विमान, VT-EUC (MSN-17265717) था।

## यूएसए को 29 रन से हराया, कप्तान सूर्या की फिफ्टी, सिराज को 3 विकेट

# टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत से हुई शुरुआत

**मुकाबला**

मुंबई, एजेंसी

भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में जीत से शुरुआत की है। टीम ने शनिवार के आखिरी मैच में USA को 29 रन से हराया। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में USA ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। भारत ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 162 रन बनाए। 162 रन का टारगेट चेज करते हुए USA की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 132 रन ही बना सकी।



तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने 3 विकेट झटके। उन्हें मैच से एक दिन पहले हर्षित राणा की जगह टीम में शामिल किया गया था।

**सूर्यकुमार यादव प्लेयर ऑफ द मैच**

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। इंडिया ने 46 रन बनाने में 4 विकेट गंवा दिए थे। यहां से कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 49 बॉल पर नाबाद 84 रन की पारी खेली। उन्होंने कप्तानी करते हुए 8वां अर्धशतक लगाया है। इतना ही नहीं, सूर्या ने बतौर कप्तान टी-20 इंटरनेशनल में एक हजार रन भी पूरे कर लिए हैं। अमेरिका की ओर से शुभम रंजने और संजय कृष्णमूर्ति ने 37-37 रन बनाए। जबकि मिलिंद कुमार ने 34 रन स्कोर किए। भारत से मोहम्मद सिराज ने 3 विकेट झटके। अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल ने 2-2 विकेट लिए। टी 20 वर्ल्ड कप के पहले मैच में भारत ने अमेरिका को 29 रन से हराया। अमेरिका ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 132 रन बनाए। मैच की आखिरी गेंद पर सिराज ने शुभम रंजने को यॉर्कर पर LBW आउट किया। सिराज ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए।

> तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने भारत को अहम मौको पर विकेट दिलाए। उन्होंने पावरप्ले के अंदर अमेरिकी ओपनर एंड्रीज गौस (6 रन) और सैतेजा मुक्कामाला (2 रन) को पवेलियन भेज दिया। फिर 20वें ओवर की आखिरी बॉल पर शुभम रंजने (37 रन) को एलबीडब्ल्यू कर दिया।

19वें ओवर में हार्दिक ने 10 रन दिए। ओवर की तीसरी गेंद पर आउटसाइड ऑफ पर छक्का जड़ा। आखिरी ओवर में जीत के लिए 41 रनों की जरुरत है।

18वें ओवर की चौथी बॉल पर USA ने 7वां विकेट गंवाया। अर्शदीप सिंह ने मोहम्मद मोहसिन को 8 रन के स्कोर पर आउट किया। डीप मिड विकेट पर तिलक वर्मा ने कैच पकड़ा। अर्शदीप सिंह को दूसरा विकेट मिला। 17वें ओवर में हार्दिक पंड्या ने महज 4 रन दिए। ये चारों रन सिंगल के जरिए बने। हालांकि, ओवर में कोई विकेट नहीं आया।



## भारत ग्रुप-ए के पॉइंट टेबल में नंबर-1

भारत ग्रुप-ए के पॉइंट टेबल में नंबर-1 है। जबकि पाकिस्तान दूसरे स्थान पर है। दोनों के पास 2-2 अंक हैं। क्योंकि, पाकिस्तान का नेट रन रेट भारत से कम है। नीदरलैंड और USA अपना-अपना पहला मैच हार गए हैं। नामीबिया ने अब तक कोई मैच नहीं खेला है। भारतीय टीम का अगला मैच 12 फरवरी को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मैच शाम 7 बजे से शुरू होगा।

# टी-20 वर्ल्डकप- न्यूजीलैंड ने अपना सबसे बड़ा स्कोर चेज किया अफगानिस्तान को 5 विकेट से हराया

नई दिल्ली, एजेंसी

न्यूजीलैंड ने जीत के साथ टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। टीम ने ग्रुप डी के पहले मुकाबले में अफगा-निस्तान को 5 विकेट से हराया। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 182 रन बनाए। इसके जवाब में न्यूजीलैंड ने 183 रन का टारगट 17.5 ओवर में 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

यह टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में न्यूजीलैंड का सबसे बड़ा टारगेट चेज रहा। इससे पहले कीवी टीम ने 2021 में अबू धाबी में इंग्लैंड के खिलाफ 167 रन का लक्ष्य सफल-तापूर्वक हासिल किया था।

टीम के लिए ओपनर टिम साइफर्ट (65) ने अर्धशतक लगाया। उनके अलावा ग्लेन



फिलिप्स ने 42, मार्क चापमन ने 28 और डेरिल मिचेल ने नाबाद 25 रन बनाए। अफगानिस्तान के लिए मुजिब उर रहमान ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए। राशिद खान, मोहम्मद नबी और अजमतुल्लाह उमरजई को 1-1 विकेट मिला।


इससे पहले, अफगानिस्तान के लिए गुलबदीन नाईब (63) ने अर्धशतक लगाया। सेदिकुल्लाह अटल ने 29, रहमानुल्लाह गुरबाज ने 27 और दारविश रसूली ने 20 रन बनाए। न्यूजीलैंड के लिए लॉकी फर्ग्यूसन ने 2 विकेट झटके। मैट हेनरी, रचिन रवींद्र और जैकब डफी को 1-1 विकेट मिला।

# पाकिस्तान से आगे भारत यूएसए को हराकर टॉप पर पहुंचा

- भारतीय टीम ने अमेरिका को 29 रन से हराया
- अमेरिका को हराकर अंक तालिका में टॉप पर पहुंचा भारत

नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान ने टी-20 विश्व कप के पहले दिन अपने-अपने ग्रुप-A मैचों में जीत के साथ अपने अभियान का आगाज किया। पहले दिन काफी रोमांच से भरपूर था क्योंकि पाकिस्तान और भारत दोनों को बड़ी जीत दर्ज करने से पहले काफी मेहनत करनी पड़ी। वेस्टइंडीज ने भी ग्रुप C में स्कॉटलैंड को हराया।

कोलंबो में टूर्नामेंट का पहला मैच खेलते हुए, पाकिस्तान ने नीदरलैंड्स को 147 रन पर ऑल आउट कर दिया। जवाब में, सलमान अली आगा की टीम ने ये मैच तीन विकेट से जीत लिया। ये लगातार तीसरी



बार था जब पाकिस्तान ने टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में नीदरलैंड्स को हराया। वहीं, भारतीय टीम ने अमेरिका को मुंबई के वानखड़े स्टेडियम में 29 रन से हराकर आईसीसी मेंस टी-20 विश्व कप की अंक तालिका (ग्रुप-ए) पहला स्थान हासिल किया।

मेजबान भारत के लिए, कप्तान सूर्यकुमार यादव ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में अमेरिका (USA) के खिलाफ 84 रन की नाबाद पारी खेली। पहले बैटिंग करने उतरी भारतीय टीम पावरप्ले के अंदर ही अपने पहले 4विकेट गंवाकर मुश्किल में पड़ गई थी।

हालांकि, ये सूर्यकुमार (84, 49 गेंद) की शानदार पारी थी, जिसने मुंबई की मुश्किल बैटिंग पिच पर भारत को 161/9 के स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में, USA कभी भी लक्ष्य का पीछा करने की स्थिति में नहीं नजर आई और 132/8 रन ही बना सका। मोहम्मद सिराज तीन विकेट लेकर मैच के स्टार रहे, जबकि अक्षर पटेल और अर्शदीप सिंह ने दो-दो विकेट लिए।

जीत के बाद, भारत और पाकिस्तान दोनों के दो-दो प्वाइंट मिले हैं और वे ग्रुप A में टॉप दो पोजीशन पर हैं। हालांकि, भारत बेहतर नेट रन रेट (NRR) के आधार पर टॉप पर है।

## इयान बिशप ने कहा, भारत वर्ल्डकप का प्रबल दावेदार

नई दिल्ली। टी-20 वर्ल्ड कप को लेकर वेस्टइंडीज के पूर्व खिलाड़ी और दिग्गज कमेंटेटर और इयान बिशप ने अहम बातें कही हैं। उनका मानना है कि इस वर्ल्ड कप में सिर्फ पावर-हिटिंग नहीं, बल्कि गेंदबाजी की गहराई भी असली अंतर पैदा करेगी। ICC एक्सपर्ट बिशप के मुताबिक वेस्टइंडीज, साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया जैसी टीमें बल्लेबाजी में तो बेहद ताकतवर हैं, लेकिन खिताब जीतने के लिए बॉलिंग यूनिट का मजबूत होना जरूरी है। शुक्रवार को जियोस्टार मीडिया डे के दौरान सवाल पर सबकॉन्टिनेंट की परिस्थितियों पर बात करते हुए बिशप ने कहा, यहां तेज गेंदबाजों के लिए सबसे बड़ी चुनौती छोटे मैदान और फ्लैट पिचें हैं। ऐसे में उन्हें यॉर्कर, स्लोअर बॉल, कटर और वैरिएशन पर भरोसा करना होगा। साथ ही कहा, बॉलर्स यहां ज्यादा रन खा सकते हैं, लेकिन आत्मविश्वास बनाए रखना बेहद जरूरी है।

## कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 84 रन की नाबाद पारी खेली

# वॉशिंगटन सुंदर जल्द ही टी 20 वर्ल्ड कप टीम से जुडेंगे

नई दिल्ली। टी-20 विश्व कप 2026 में अपने पहले मैच में टीम इंडिया ने अमेरिका को हराकर जीत के साथ अपने अभियान का आगाज किया। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 84 रन की नाबाद पारी खेली। पहले मैच में जीत के बाद कप्तान सूर्या ने बताया कि वॉशिंगटन सुंदर जल्द टीम से जुड़ेंगे, लेकिन जसप्रीत बुमराह और अभिषेक शर्मा की खराब तबीयत ने टीम मैनेजमेंट की चिंता बढ़ा दी है।

स्पोर्ट्स डेस्क, नई दिल्ली। टी20 विश्व कप में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत करने वाली भारतीय टीम के लिए राहत की खबर सामने आई है। स्टार ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर जल्द ही दिल्ली में



टीम से जुड़ने वाले हैं, जहां भारत को 12 फरवरी को नामीबिया के खिलाफ मुकाबला खेलना है। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अमेरिका के खिलाफ जीत के बाद ये खुलासा किया कि सुंदर फिट हैं और टीम से जुड़ने के लिए तैयार हैं। जसप्रीत बुमराह बीमारी के कारण टूर्नामेंट का पहला मैच नहीं खेल पाए और यहां तक कि सलामी बल्लेबाज अभिषेक भी अमेरिका के खिलाफ मुकाबले की दूसरी पारी के दौरान मैदान पर नहीं उतरे। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज को डगआउट में भी नहीं देखा गया, जिसके कारण टीम मैनेजमेंट को फील्डिंग कोच टी दिलीप को ड्रिंक ड्यूटी पर लगाना पड़ा। मैच के बाद हाथ मिलाने के दौरान भी अभिषेक कहीं नजर नहीं आए और बाद में सूर्या ने खुलासा किया कि दोनों अभी भी अस्वस्थ हैं।

सूर्या ने कहा, बुमराह को मौसम की वजह से तेज बुखार था, ठीक वैसे ही जैसे अभिषेक की तबीयत खराब थी।

### वॉशिंगटन सुंदर जल्द ही टीम से जुड़ेंगे


दरअसल, वॉशिंगटन सुंदर पिछले करीब एक महीने से क्रिकेट मैदान से दूर थे। वो न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे मैच के दौरान गेंदबाजी करते समय चोटिल हो गए थे, जिसके कारण वे शेष सीरीज और बाद की टी20 मैचों से बाहर रहे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्हें साइड स्ट्रेन के साथ हल्का फ्रैक्चर भी हुआ था और उन्होंने बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैब के दौरान धीरे-धीरे फिटनेस हासिल की।

## मनोरंजन

# नहीं टलेगी शाहिद की फिल्म ओ रोमियो

## कोर्ट ने खारिज की हुसैन उस्तरा की बेटी का याचिका, आरोप था- फिल्म से हुआ निजता का उल्लंघन

नई दिल्ली। शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी स्टारर फिल्म ओ रोमियो की के खिलाफ हुसैन उस्तरा की बेटी ने एक याचिका दायर की थी। उन्होंने फिल्म की रिलीज रोके जाने की मांग की थी, हालांकि बॉम्बे सिटी सिविल कोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी है, जिसके बाद अब ये फिल्म तय तारीख पर ही रिलीज होगी। 7 फरवरी को गैंगस्टर हुसैन शेख की बेटी की याचिका पर सुनवाई हुई। उन्होंने याचिका में कहा था कि फिल्म के जरिए उनके पिता की निजता और प्रतिष्ठा का उल्लंघन किया गया है। हालांकि कोर्ट ने सुनवाई में कहा कि निजता का अधिकार व्यक्तिगत होता है और किसी व्यक्ति के निधन के बाद ये अधिकार खत्म हो जाता है। इसे




परिवार की विरासत के तौर पर नहीं देखा जा सकता है। साथ ही कोर्ट ने ये भी कहा है कि किसी फिल्म या क्रिएटिविटी को रोकने के लिए व्यक्तिगत अधिकार का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।

कोर्ट ने ये भी कहा कि मेकर्स की तरफ से फिल्म में एक डिस्क्लेमर दिया गया है, जिससे ये साफ है कि फिल्म फिक्शनल है और उसके पात्र भी काल्पनिक हैं। फिल्म के किरदारों की किसी असल व्यक्ति से समानता महज एक संयोग है। बता दें कि फिल्म ओ रोमियो 13 फरवरी को रिलीज होने के लिए शेड्यूल है। फिल्म का निर्देशन विशाल भारद्वाज ने किया है, जो इससे पहले कमीने, हैदर, मकबूल, ओमकारा, 7 खून माफ जैसी फिल्में बना चुके हैं।


### कोर्ट का सवाल- रिलीज से ठीक पहले क्यों हुई रोके जाने की मांग

कोर्ट ने शिकायतकर्ता पक्ष से साफ कहा है कि फिल्म ओ रोमियो की अनाउंसमेंट 2024 में हुई थी। तब से लेकर अब तक इस पर आपत्ति नहीं जताई गई। तो रिलीज से ठीक पहले क्यों। इस तरह की याचिका से मेकर्स और फिल्ममेकिंग से जुड़े लोगों को बड़ा आर्थिक नुकसान पहुंच सकता है।



# मां की मौत से टूटा एक्टर, निर्वस्त्र होकर बीच पर किया मेडिटेशन

नई दिल्ली। सिनेमा में ऐसे कई सितारे आए जिन्होंने अपार सफलता हासिल करने के बावजूद ग्लैमर की दुनिया को गुडबाय कह दिया। किसी ने अभिनय छोड़ बिजनेस में हाथ आजमा लिया तो कोई संन्यासी बन गया। आज हम आपको एक ऐसे ही अभिनेता के बारे में बताने जा रहे हैं जिन्होंने करियर के पीक पर आकर इंडस्ट्री छोड़ दी और संन्यास ले लिया। यह अभिनेता अपने दौर के सबसे सफल अभिनेताओं में से एक थे। न केवल अभिनय, बल्कि उनकी पर्सनैलिटी की भी खूब तारीफ होती थी। एक के



बाद एक हिट फिल्में देने के बाद जब उनका करियर पीक पर था, तब पर्सनल लाइफ में कुछ ऐसा हुआ जिसके बाद वह अध्यात्म की शरण में चले गए। यह अभिनेता कोई और नहीं बल्कि विनोद खन्ना (Vinod Khanna) हैं। विनोद खन्ना अपना हिट करियर छोड़ ओशो (Osho) की शरण में चले गए थे। उनकी दूसरी पत्नी कविता खन्ना ने अभिनेता से जुड़े कई राज खोले। उन्होंने बताया कि आखिर वह कौन सा दर्द था जिसने उन्हें फेम-नेम और दौलत छोड़ने पर मजबूर कर दिया।

# जैस्मिन अख्तर के गाने मलक दयाल ने यूट्यूब पर मचाई धूम

## 1.2 मिलियन व्यूज के साथ ट्रेंड कर रहा सॉन्ग



मुंबई । म्यूजिक सेंसेशन जैस्मीन अख्तर ने अपना लेटेस्ट सिंगल 'मलक दयाल' रिलीज कर दिया है, जो अब उनके ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर स्ट्रीम हो रहा है। यह गाना उनके हालिया रिलीज को मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के बाद आया है और उनके म्यूजिकल सफर में एक और अहम पड़ाव साबित हो रहा है।

'मलक दयाल' में दमदार बोल, आकर्षक म्यूजिकल अरेंजमेंट और प्रीमियम विजुअल प्रेजेंटेशन का शानदार मेल देखने को मिलता है। जी खान के साथ यह ट्रैक कल्चरल गहराई को मॉडर्न साउंड के साथ खूबसूरती से जोड़ता है, जो उस म्यूजिकल स्पेस को दर्शाता है जिसे जैस्मीन अख्तर ने लगातार अपने लिए तैयार किया है। इस रिलीज को लेकर जैस्मीन अख्तर ने कहा, 'मैं जो भी गाना करती हूं, वह मेरे दिल के बहुत करीब होता है। मेरे सुनने वालों से मिलने वाला प्यार और आशीर्वाद मुझे हर बार खुद को क्रिएटिव तौर पर आगे बढ़ाने की हिम्मत देता है। 'मलक दयाल' मेरे लिए खास है क्योंकि इसमें दिल से की गई बातचीत और गहरी भावनाएं झलकती हैं। लिरिक्स से लेकर फाइनल रिकॉर्डिंग तक, मैं हर स्टेप पर इमोशनली जुड़ी हुई थी और मुझे उम्मीद है कि जब श्रोता इसे सुनेंगे, तो उन्हें भी वही सच्चाई और जुड़ाव महसूस होगा।'



## रामायण से विक्रांत के रिप्लेस होने की खबर, नितेश तिवारी कर रहे हैं रामायण का निर्देशन

# रामायण से रिप्लेस होने की खबरों पर विक्रांत मैसी ने तोड़ी चुप्पी



नई दिल्ली। बॉलीवुड की मोस्ट एंटीसिपेटेड फिल्म रामायण बड़े स्केल पर बनाई जा रही है जिसमें बड़े-बड़े सितारे भी अहम भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। ऐसी चर्चा थी कि नेशनल अवॉर्ड विनर विक्रांत मैसी (Vikrant Massey) भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। फिल्म में उनके मेघनाद (इंद्रजीत) की भूमिका निभाने की खबर थी।



इन दावों के बीच विक्रांत मैसी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर सारी अफवाहों पर फुल स्टॉप लगा दिया। 12वीं फेल फेम एक्टर ने कहा कि वह कभी रामायण का हिस्सा थे ही नहीं। इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किए गए पोस्ट में विक्रांत ने लिखा, ₹ठीक है। बात खत्म कर रहा हूं। मैं कभी इस फिल्म का हिस्सा नहीं था। न हूं, न कभी था। 'इज्जतदार' मीडिया हाउस की तरफ से ऐसी गैर-जिम्मेदाराना मीडिया कवरेज काफी चौंकाने वाली है। विक्रांत मैसी ने आगे लिखा, फिर भी रामायण की पूरी टीम को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। मैं जरूर टिकट खरीदूंगा और इसे सिनेमाघरों में देखूंगा। हालांकि, एक्टर ने इस पोस्ट को शेयर करने के कुछ समय बाद ही किसी कारण अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी से हटा दी।



> मगर बीते दिन एक रिपोर्ट सामने आई जिसमें कहा गया कि किल और बैड्स ऑफ बॉलीवुड में नजर आ चुके अभिनेता राघव जुयाल ने विक्रांत को रामायण से रिप्लेस कर दिया है। विक्रांत की जगह राघव रावण के बेटे मेघनाद की भूमिका निभाएंगे।

## रामायण मूवी की रिलीज डेट और कास्ट

नितेश तिवारी निर्देशित रामायण (Ramayana) दो पार्ट में रिलीज हो रही है। इस पौराणिक फिल्म का पहला पार्ट इसी साल दीवाली पर आ रहा है, जबकि दूसरा पार्ट अगले साल दीवाली पर आएगा। इस फिल्म में रणबीर कपूर, साईं पल्लवी, यश, सनी देओल, रवि दुबे, विवेक ओबरॉय, काजल अग्रवाल और लारा दत्ता जैसे स्टार्स अहम भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं।

## 465 में से 300 सीटें मिलने की उम्मीद, ट्रम्प ने भी समर्थन दिया, साने ताकाइची 18 घंटे काम करने के लिए मशहूर

# जापान चुनाव : पीएम ताकाइची बोलीं हारी तो इस्तीफा दे दूंगी





उधर, रविवार को उत्तरी और पूर्वी जापान में 70 सेंटीमीटर तक बर्फबारी का अनुमान है। निआगाता प्रांत के नागाओका जैसे इलाकों में सड़कों के किनारे एक मीटर से ज्यादा बर्फ जमी हुई है। ऐसे में कई मतदाताओं के लिए घर से निकलना मुश्किल हो सकता है।

**बयान**

**टोक्यो, एजेंसी**

जापान में रविवार को लोअर हाउस के लिए मतदान शुरू हो गया है, जिसमें प्रधानमंत्री साने ताकाइची को बड़ी जीत मिलने की उम्मीद है। हालांकि, देश के कई हिस्सों में बर्फबारी के कारण मतदान प्रतिशत घटने की आशंका जताई जा रही है। यहां रविवार को 27 से 28 इंच तक बर्फबारी होने का अनुमान है।

ताकाइची जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने अक्टूबर में पद संभाला था।



ओपिनियन पोल के अनुसार, उनकी कंजर्वेटिव गठबंधन (लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी और जापान इनोवेशन पार्टी) को संसद के निचले सदन (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) की 465 सीटों में से 300 से ज्यादा सीटें मिल सकती हैं। फिलहाल गठबंधन के पास 233 सीटें हैं, और अगर यह 310 सीटें जीत लेता है तो ऊपरी सदन में विपक्ष के नियंत्रण के बावजूद कानून पास करने की ताकत मिल जाएगी। ताकाइची ने कहा है कि अगर गठबंधन बहुमत खो देता है तो वह इस्तीफा दे देंगी। दूसरी ओर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी ताकाइची को समर्थन जता चुके हैं। ताकाइची ने चीन के खिलाफ मजबूत रुख अपनाते हुए सैन्य खर्च बढ़ाया है, आर्थिक पैकेज और टैक्स कटौती की घोषणा की है।

### सोशल मीडिया पर साने ताकाइची का क्रेज बढ़ा

सोशल मीडिया पर साने ताकाइची को लेकर 'सानाकात्सु' नाम का ट्रेंड भी चर्चा में है। इसमें उनके इस्तेमाल किए गए सामान, जैसे हैंडबैग और संसद में इस्तेमाल किया जाने वाला गुलाबी पेन, युवाओं के बीच लोकप्रिय हो गए हैं। एक हालिया सर्वे में 30 साल से कम उम्र के 90% से ज्यादा मतदाताओं ने ताकाइची के पक्ष में रुझान दिखाया, हालांकि यह वर्ग आमतौर पर कम मतदान करता है।

### ट्रम्प बोले थे- तकाइची शक्तिशाली और बुद्धिमान नेता

डोनाल्ड ट्रम्प ने 5 फरवरी को एक पोस्ट में साने ताकाइची को पूर्ण समर्थन दिया है। उन्होंने तकाइची को मजबूत, शक्तिशाली और बुद्धिमान नेता कहा, जो अपने देश से सच्चा प्यार करती हैं और जापान के लोगों को निराश नहीं करेंगी। ट्रम्प ने बताया कि वह 19 मार्च 2026 को व्हाइट हाउस में ताकाइची से मुलाकात करेंगे। यह समर्थन जापान के 8 फरवरी 2026 के चुनाव से ठीक दो दिन पहले आया है। यह पहली बार है जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने जापान के किसी नेता को चुनाव में खुलकर समर्थन दिया है।

### जापान में बर्फबारी से मतदान घटने का अनुमान

जापानी कम्युनिस्ट पार्टी के स्वयंसेवक ताकेहिको इगाराशी के मुताबिक, उनकी पार्टी समर्थकों को फोन कर रही है और जरूरत पड़ने पर उन्हें मतदान केंद्र तक पहुंचाने की व्यवस्था भी कर रही है। पिछले कुछ चुनावों में लोअर हाउस का टर्नआउट करीब 55% के आसपास रहा है। अगर इस बार मतदान और घटता है, तो संगठित वोटिंग ब्लॉक्स का असर और बढ़ सकता है। वोटिंग 289 सिंगल-सीट सीटों पर सीधे मुकाबले से होगी, जबकि बाकी सीटें प्रपोर्शनल रिप्रेजेंटेशन से तय होंगी। पोलिंग रात 8 बजे बंद होगी, जिसके बाद एग्जिट पोल के आधार पर शुरुआती अनुमान जारी किए जाएंगे।

**फास्ट न्यूज**

### रूसी खुफिया एजेंसी के शीर्ष अधिकारी पर हमले का आरोपी दुबई में गिरफ्तार

मॉस्को। रूस की संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसबी) ने दावा किया है कि मॉस्को में रूसी सैन्य खुफिया एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारी पर गोलीबारी करने वाले संदिग्ध को दुबई से गिरफ्तार कर लिया गया है। एफएसबी के अनुसार, संदिग्ध की पहचान रूसी नागरिक ल्यूबोमिर कोर्बा के रूप में हुई है, जिस पर रूस की सैन्य खुफिया एजेंसी के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल व्लादिमीर अलेक्सेयेव पर गोली चलाने का आरोप है।

### 'गलवान झड़प के बाद चीन ने किया था न्यूक्लियर टेस्ट'

नई दिल्ली। अमेरिका ने दावा किया है कि चीन ने भूकंपीय निगरानी की प्रभावशीलता को कम करने के तरीके का इस्तेमाल करके गुप्त परमाणु विस्फोटक परीक्षण किए। ये परीक्षण 2020 में गलवान झड़प के बाद किए गए थे। अमेरिकी विदेश उप सचिव थॉमस जी डिनानो ने कहा कि चीन ने 22 जून, 2020 को ऐसा ही एक उपज पैदा करने वाला परमाणु परीक्षण किया था। यह गलवान झड़प के ठीक एक हफ्ते बाद की बात है, जब भारत की रक्षा करते हुए 20 भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे और 30 से ज्यादा चीनी सैनिक मारे गए थे।

### 'अमेरिका को खत्म कर रहा इस्लामी प्रवास'

लंदन। अमेरिका के टेक्सास राज्य से रिपब्लिकन सांसद ब्रैंडन गिल ने डलास और उसके आसपास के इलाकों में 'इस्लामीकरण' को लेकर चिंता जताई है। उनका कहना है कि कुछ जगहों पर हालात ऐसे हो गए हैं कि वहां जाने के बाद लगता है कि जैसे आप डलास नहीं, पाकिस्तान में है।' ब्रैंडन गिल ने यह बयान एक इंटरव्यू में दिया। उन्होंने कहा कि उनके संसदीय क्षेत्र के कई लोग उनसे बार-बार शिकायत कर रहे हैं।

## तोशाखाना केस में इमरान खान और बुशरा बीबी को मिली 17-17 साल की सजा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को अदालत ने तोशाखाना-2 भ्रष्टाचार मामले में दोषी ठहराते हुए 17-17 साल की सजा सुनाई है। यह मामला विदेशी सरकार से मिले महंगे तोहफों को नियमों के खिलाफ बेचने से जुड़ा है। दोनों पर करोड़ों रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

रावलपिंडी की हाई-सिक्योरिटी अदियाला जेल में स्थित विशेष अदालत ने शनिवार को यह फैसला सुनाया। जज शाहरुख अरजुमंद ने इमरान खान और बुशरा बीबी को कुल 17 साल की सजा दी। अदालत ने उन्हें पाकिस्तानी दंड संहिता की धारा 409 (आपराधिक विश्वासघात) के तहत 10 साल और भ्रष्टाचार निरोधक कानून की अलग-अलग धाराओं में 7 साल की सजा सुनाई।

इसके अलावा दोनों पर 1 करोड़ 64 लाख पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। अदालत ने उम्र और महिला होने को देखते हुए सजा में कुछ नरमी बरतने की बात कही। यह मामला 2021 में सऊदी अरब सरकार से मिले महंगे तोहफों से जुड़ा है। आरोप है कि इनमें महंगी घड़ियां, हीरे और सोने के गहनों के सेट शामिल थे, जिन्हें नियमों के अनुसार तोशाखाना में जमा नहीं किया गया। सरकार का कहना है कि इन तोहफों की असली कीमत करीब 7 करोड़ रुपये थी, लेकिन उनका मूल्यांकन सिर्फ 58-59 लाख रुपये दिखाया गया। आरोप है कि इमरान खान और बुशरा बीबी ने इन्हें बेहद कम कीमत पर खरीदने की कोशिश की। तोशाखाना कैबिनेट डिवीजन के तहत आने वाला विभाग है, जहां विदेशी नेताओं और गणमान्य व्यक्तियों से मिले तोहफे जमा किए जाते हैं।

## यात्रा समय 2 घंटे से घटकर 20 मिनट हुआ, उन्नत तकनीक, एआई और बिग डेटा का उपयोग

# चीन का कमाल : बनाया 28 किलोमीटर का समुद्री कॉरिडोर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

चीन ने शेन्जेन-झोंगशान लिंक का अनावरण किया है। यह 28 किलोमीटर लंबा एक जबरदस्त समुद्री कॉरिडोर है और इसमें 6.8 किलोमीटर लंबी पानी के अंदर सुरंग भी शामिल है।

इंजीनियरिंग की बेजोड़ मिसाल पेश करता यह सी लिंक दो शहरों के बीच यात्रा के समय को लगभग दो घंटे से घटाकर सिर्फ 20 मिनट कर देता है, जिससे ग्रेटर बे एरिया में कनेक्टिविटी बेहतर होती है। इसकी खासियत यह है कि इस कॉरिडोर में प्रीफैब्रिकेटेड सुरंग सेक्शन औरचीन का कमाल! बनाया 28 KM का समुद्री



कॉरिडोर, 20 मिनट में तय होती है 2 घंटे की दूरी एडवांस्ड वेंटिलेशन शामिल है। यह लगभग 137,000 वर्ग मीटर में फैला हुआ है, जो लगभग 19 फुटबॉल मैदानों के आकार का है और लिंगडिंगयांग के पानी में स्थित है। शेन्जेन-झोंगशान लिंक का पश्चिमी आर्टिफिशियल आइलैंड बे एरिया में एक नया समुद्री लैंडमार्क बन गया है।

तूफानों और तेज लहरों का सामना करने के लिए डिजाइन किया गया यह लिंक इंफ्रास्ट्रक्चर इनोवेशन के लिए एक नए मानक तय करता है। ऊपर से देखने पर यह लिंक पानी के ऊपर उड़ते हुए विशाल पक्षी या समुद्र के ऊपर उड़ती हुई पतंग जैसा जैसा दिखता है।





### टेक्नोलॉजी का भरपूर इस्तेमाल

इस लिंक पर सुरक्षित यात्रा के लिए ट्रैफिक मैनेजमेंट को ऑप्टिमाइज किया गया है, जिसके लिए बिग डेटा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सहित कई इंटेलिजेंट टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है। इसके अलावा, इंटेलिजेंट रोबोट का इस्तेमाल रोजाना इंस्पेक्शन के लिए समुद्र के नीचे बनी सुरंगों में भी किया जाता है।

इस प्रोजेक्ट में पुल, द्वीप, सुरंगें और पानी के नीचे इंटरचेंज शामिल हैं। इसे पूरा होने में 14 साल से ज्यादा का समय लगा, जिसमें 15,000 से ज्यादा मजदूरों ने काम किया।

## भोलारी एयरबेस पर चल रहा मरम्मत का काम, तस्वीरों से खुलासा

# ऑपरेशन सिंदूर के जख्मों पर मरहम लगा रहा पाक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पिछले साल ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाकिस्तान को गहरे जख्म दिए, जिसके निशान भी मौजूद हैं। आतंकी देश अभी भी इन जख्मों पर मरहम लगा रहा है। इसकी गवाही सैटेलाइट तस्वीरें दे रही हैं। इन तस्वीरों से पता चलता है कि भोलारी एयरबेस पर मौजूद हैंगर अब ठीक किया जा रहा है।

यह वही हैंगर है जिसे 10 मई, 2025 को भारतीय वायुसेना के हमले में पूरी तरह तबाह कर दिया गया था। यह हमला उस समय हुआ था, जब भारत और पाकिस्तान के बीच 88 घंटे तक चला सैन्य टकराव अपने सबसे खतरनाक दौर में पहुंच गया था। भोलारी के हैंगर



पर 10 मई, 2025 को सुबह 10 बजे से 12 बजे के बीच हमला किया गया। हालांकि एयरफोर्स ने उस हथियार का नाम नहीं बताया जिसका इस्तेमाल भोलारी पर हमले में किया गया। हालांकि माना जाता है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान IAF ने कई तरह के एयर-टू-सरफेस हथियारों का इस्तेमाल किया था। इससे पहले भी पाकिस्तान के दूसरे सैन्य ठिकानों पर ऐसे ही मरम्मत कार्य देखे जा चुके हैं। मुरिद एयरबेस में टूटे भवन की छत को लाल तिरपाल से ढका गया था। सुक्कुर में ड्रोन हैंगर नष्ट हुआ था। नूर खान एयरबेस पर कमांड और कंट्रोल सेंटर को नुकसान पहुंचा था। भोलारी का यह हैंगर भी उन्हीं ठिकानों में शामिल था जिन पर भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत हमला किया था।

### सैटेलाइट तस्वीरों में कैद पाकिस्तान की तबाही

भारतीय वायुसेना का मानना है कि इसी हैंगर में पाकिस्तान का अहम एयरबोर्न अर्ली वॉर्निंग एयरक्राफ्ट मौजूद था। शायद यह SAAB 2000 'एरीआई' सिस्टम वाला विमान था। ताजा तस्वीरों में दिख रहा है कि हैंगर की हरी छत वाला बड़ा हिस्सा हटा दिया गया है। कुछ हिस्से उखड़े हुए दिख रहे हैं। यह तैयारी या शुरुआती चरण के पुनर्निर्माण के काम का संकेत देता है और यह भारतीय वायुसेना द्वारा हमला किए गए अन्य ठिकानों पर पाकिस्तानी मरम्मत गतिविधियों के अनुरूप है। पूरी मरम्मत में शायद नई छत लगाना, ढांचे को मजबूत करना और सारा मलबा हटाना शामिल होगा। नई तस्वीर से पता चलता है कि ढांचा छोड़े जाने के बाद से कुछ प्रगति हुई है।

# नए इनकम टैक्स नियमों का ड्राफ्ट जारी, नियमों की संख्या 333 हुई

## 1 अप्रैल 2026 से लागू होगा नया सिस्टम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

इनकम टैक्स विभाग ने शनिवार को 'इनकम टैक्स रूल्स, 2026' का नया ड्राफ्ट जारी कर दिया है। ये नए नियम अगले फाइनेंशियल ईयर यानी 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होंगे। सरकार का मकसद टैक्स फाइलिंग की प्रक्रिया को सरल बनाना और आम टैक्स पेयर्स के लिए नियमों को आसान बनाना है।

नए प्रस्तावित ड्राफ्ट में नियमों और फॉर्म की संख्या में भी कटौती की गई है। अभी तक लागू 'इनकम टैक्स रूल्स, 1962' में कुल 511 नियम और 399 फॉर्म थे। नए ड्राफ्ट में इन्हें घटाकर अब सिर्फ 333 नियम और 190 फॉर्म कर दिया गया है। विभाग ने उन प्रावधानों को हटा दिया है जिनकी अब जरूरत नहीं थी और कई मिलते-जुलते नियमों को आपस में जोड़ दिया है। इससे टैक्स सिस्टम की जटिलता कम होगी।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने



बजट भाषण के दौरान कहा था कि इनकम टैक्स के नियमों और फॉर्म को सरल बनाया जाएगा ताकि आम नागरिक बिना किसी परेशानी के खुद इनका पालन कर सकें। नए ड्राफ्ट में फॉर्म को दोबारा डिजाइन किया गया है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि फॉर्म की भाषा को अब ज्यादा 'यूजर-फ्रेंडली' बनाया गया है ताकि प्रशासनिक और कानूनी उलझनें कम हों। साथ ही, फॉर्म के साथ दी जाने वाली गाइडलाइंस को भी आसान बनाया गया है।

सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेज (CBDT) ने इस ड्राफ्ट को पब्लिक डोमेन में डाल दिया है। आम लोग और स्टेकहोल्डर्स अगले 15 दिनों तक यानी 22 फरवरी 2026 तक इन प्रस्तावों पर अपने सुझाव दे सकते हैं। सरकार का मानना है कि जनता की राय लेने से कानून को और ज्यादा प्रभावी और समावेशी बनाया जा सकेगा। सुझावों के आधार पर अंतिम नियमों को नोटिफाई किया जाएगा। इनकम टैक्स बिल में असेसमेंट ईयर को टैक्स 'ईयर' से रिप्लेस किया गया है। बिल के पन्ने 823 से घटकर 622 रह गए हैं। हालांकि, चैप्टर्स की संख्या 23 ही है। सेक्शन 298 से बढ़ाकर 536 कर दिए गए हैं और शेड्यूल्स भी 14 से बढ़कर 16 हो गए है। क्रिप्टो एसेट्स को किसी भी अनडिस्क्लोज्ड इनकम के तहत गिना जाएगा, जैसे अभी नकदी, बुलियन और ज्वेलरी को शामिल किया जाता है।

**फैसला : अखबार के मुख्य वित्त अधिकारी जेफ डी'ओनोफ्रियो को अंतरिम पब्लिशर और सीईओ बनाया गया**

# भारी छंटनी के बाद वाशिंगटन पोस्ट के सीईओ विल लुईस ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिका के प्रतिष्ठित अखबार वॉशिंगटन पोस्ट के पब्लिशर और CEO विल लुईस ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। यह फैसला ऐसे समय आया है, जब अखबार में बड़े पैमाने पर कर्मचारियों की छंटनी की गई है। लुईस ने कहा कि अखबार के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए कठिन फैसले लेने पड़े।

वॉशिंगटन पोस्ट ने शनिवार को बताया कि विल लुईस अखबार छोड़ रहे हैं। उन्होंने कर्मचारियों को भेजे संदेश में कहा कि उनके कार्यकाल में अखबार के लंबे समय तक टिके रहने के लिए मुश्किल फैसले जरूरी थे।लुईस ने कहा कि उनका मकसद



अखबार के पूर्व कार्यकारी संपादक मार्टी बैरन ने इसे अखबार के इतिहास के सबसे अंधेरे दिनों में से एक बताया। लुईस के कार्यकाल में अखबार ने बड़ी संख्या में सब्सक्राइबर भी खोए। यह तब हुआ, जब अखबार ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में समर्थन देना बंद किया और ओपिनियन सेक्शन का रुख बदला।

यह था कि अखबार आने वाले कई सालों तक लाखों पाठकों तक निष्पक्ष और उच्च गुणवत्ता की पत्रकारिता पहुंचाता रहे। विल लुईस को 2023 में CEO बनाया गया था, जब अखबार को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा था। उन्होंने फ्रेड रयान की जगह ली थी, जो करीब एक दशक तक इस पद पर रहे। अखबार के मुख्य वित्त अधिकारी जेफ डी'ओनोफ्रियो को अंतरिम पब्लिशर और CEO बनाया गया है। वॉशिंगटन पोस्ट के मालिक अमेजन संस्थापक जेफ बेजोस हैं। डी'ओनोफ्रियो पिछले साल जून में अखबार से जुड़े थे। इससे पहले वह गूगल और याहू जैसी कंपनियों में काम कर चुके हैं।

### जेफ बेजोस की प्रतिक्रिया

वॉशिंगटन पोस्ट के कर्मचारियों की यूनियन ने लुईस के इस्तीफे का स्वागत किया। यूनियन ने कहा कि उनका जाना बहुत पहले हो जाना चाहिए था। यूनियन का आरोप है कि लुईस के कार्यकाल में अखबार को नुकसान पहुंचा और अब भी हालात सुधारे जा सकते हैं।

यूनियन ने जेफ बेजोस से छंटनी वापस लेने या अखबार बेचने की मांग की। वहीं, जेफ बेजोस ने नेतृत्व में बदलाव को अखबार के लिए एक बड़ा अवसर बताया और कहा कि पाठक ही सफलता का रास्ता दिखाते हैं।

### छंटनी, विवाद और मुश्किल कार्यकाल

विल लुईस का इस्तीफा ऐसे समय आया है, जब अखबार ने अपने लगभग एक-तिहाई कर्मचारियों की छंटनी की। यह छंटनी सभी विभागों में हुई। छंटनी के दौरान लुईस की गैरमौजूदगी को लेकर आलोचना हुई।

# टॉप-10 फर्म्स में 8 की वैल्यू 4.55 लाख करोड़ बढ़ी

## रिलायंस को 1.41 लाख करोड़ का फायदा

**मुंबई, एजेंसी**

पिछले हफ्ते शेयर बाजार में रही तेजी के कारण भारत के टॉप-10 सबसे वैल्यूएबल फर्म्स में से 8 की कम्बाइंड मार्केट वैल्यूएशन 4.55 लाख करोड़ रुपए बढ़ गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज इनमें सबसे बड़ी गेनर रही। बीते 5 दिनों में सेंसेक्स 2,857.46 अंक या 3.53% चढ़ा।

इससे टॉप-10 में रिलायंस, HDFC बैंक, भारती एयरटेल, ICICI बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बजाज फाइनेंस, लाइफ इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (LIC) और हिंदुस्तान यूनिलीवर गेनर्स रहे, जबकि टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) और इंफोसिस की वैल्यूएशंस घटीं।

बाजार की इस रैली में बैंकिंग और टेलीकॉम सेक्टर को सबसे ज्यादा फायदा हुआ। भारती एयरटेल की मार्केट वैल्यू 52,516.39 करोड़




बढ़कर 11.62 लाख करोड़ के पार पहुंच गई। प्राइवेट सेक्टर के बैंकों में आईसीआईसीआई बैंक की वैल्यू में 52,476.97 करोड़ का उछाल आया, जबकि एचडीएफसी बैंक की वैल्यू 32,350.28 करोड़ बढ़ी है।

सरकारी बैंक एसबीआई (SBI) की मार्केट कैप भी 45,460.79 करोड़ बढ़कर 9.84 लाख करोड़ के स्तर पर पहुंच गई।

सरकारी बीमा कंपनी एलआईसी (LIC) की मार्केट वैल्यू में भी पिछले हफ्ते बड़ा सुधार दिखा। एलआईसी की वैल्यूएशन 64,926.1 करोड़ बढ़कर 5.70 लाख करोड़ हो गई।

तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड- 224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकिाशत लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96